WEEKLY

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

वर्ष: 01 | अंक: 08 | पृष्ठ: 8 | अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | जयपुर, बुधवार 09 सितंबर, 2026 | मूल्य: ₹10.00 | प्रभात | RNI NO. RJMUL/26/A4290

## नेपाल पर पड़ी कुदरत की दोहरी मार, विनाशकारी तबाही के बाद भूकंप के तेज झटके, रिक्टर स्केल पर 5.0 रही तीव्रता



**थिंक राजस्थान**

नई दिल्ली। भारत के पड़ोसी मुल्क नेपाल में मुसीबत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। एक तरफ देश बाढ़ जैसी प्रकृतिक आपदा से जूझ रहा है दूसरी तरफ राजधानी काठमांडू में मंगलवार (8 सितंबर) को तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर जब भूकंप की तीव्रता मापी गई तो 5.0 थी। यह भूकंप ऐसे समय आया है जब देश में इतनी उथल-पुथल मची हुई है। भूकंप के झटके आए तो लोग डर गए क्योंकि 26 अगस्त को विनाशकारी बाढ़ ने जो तबाही मचाई थी वो मंजर लोगों के दिल और दिमाग में घर कर गया। भूकंप का असर काठमांडू और आसपास के इलाकों में महसूस किया गया। जानकारी के अनुसार भूकंप से किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। नेपाल हिमालयी क्षेत्रों में स्थित है इसलिए यहां समय-समय पर मध्यम और तेज भूकंप आते रहते हैं। हाल ही में नेपाल और तिब्बत में आई बाढ़ से बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है। हजारों लोग अब भी लापता हैं। देश के कई इलाकों में बड़े पैमाने पर राहत और खोज अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे समय में भूकंप के झटकों ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। बता दें, जब भूकंप की तीव्रता 5.0 होती है तो ज्यादा विनाशकारी नहीं होता है लेकिन इसका असर स्थानीय परिस्थिति और भूकंप की गहराई पर निर्भर करता है। वर्ष 2015 का भूकंप देश के इतिहास की सबसे विनाशकारी प्राकृतिक आपदाओं में शामिल रहा था। इसलिए यहां भूकंप के छोटे-बड़े झटकों को भी गंभीरता से लिया जाता है। भूकंप के झटके महसूस होने के बाद कई इलाकों में लोग एहतियात के तौर पर घरों और इमारतों से बाहर निकल आए। हालांकि शुरुआती जानकारी में किसी बड़े नुकसान या जनहानि की खबर नहीं है, लेकिन प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर रखी जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में किसी तरह की क्षति की जानकारी जुटाने के लिए स्थानीय स्तर पर आकलन किया जा रहा है। बाढ़ से प्रभावित इलाकों में पहले से ही राहत और बचाव कार्य चल रहे हैं। ऐसे में भूकंप के झटकों ने प्रशासन के सामने एक और चुनौती खड़ी कर दी है। राहत शिविरों में रह रहे लोगों के बीच भी भूकंप को लेकर चिंता बढ़ी है, खासकर उन परिवारों में जिनके घर पहले ही प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हो चुके हैं। नेपाल की भौगोलिक स्थिति के कारण भूकंप का खतरा हमेशा बना रहता है। वर्ष 2015 के विनाशकारी भूकंप की यादें अभी भी लोगों के जेहन में हैं। उस त्रासदी के बाद देश में भूकंपरोधी निर्माण, आपदा प्रबंधन और त्वरित राहत व्यवस्था को लेकर लगातार जोर दिया जाता रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भूकंप की तीव्रता के साथ उसकी गहराई, केंद्र से दूरी और स्थानीय भूगर्भीय परिस्थितियां भी नुकसान का आकलन करने में महत्वपूर्ण होती हैं। इसलिए मध्यम तीव्रता के झटकों के बावजूद प्रभावित क्षेत्रों में इमारतों और अन्य संरचनाओं की स्थिति की जांच करना जरूरी माना जाता है। फिलहाल प्रशासन के सामने सबसे बड़ी प्राथमिकता बाढ़ प्रभावित लोगों तक राहत पहुंचाना और लापता लोगों की तलाश जारी रखना है। इसके साथ ही भूकंप के बाद किसी संभावित नुकसान की जानकारी जुटाई जा रही है। यदि आने वाले समय में आफ्टरशॉक महसूस होते हैं तो लोगों को सतर्क रहने और प्रशासन की ओर से जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की सलाह दी जा सकती है। लगातार प्राकृतिक आपदाओं के बीच नेपाल के सामने राहत और पुनर्वास की बड़ी चुनौती बनी हुई है।

## मुंबई में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम स्थल से पुलिस ने दो संदिग्धों को पकड़ा, PMO की फर्जी आईडी और बंदूक मिली



**थिंक राजस्थान**

मुंबई। मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (BKC) स्थित नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर से पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दो में से एक संदिग्ध ने खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) का ऑफिसर बताया था। जांच में उसके पास से पीएम कार्यालय की फर्जी आईडी भी मिली। वहीं दूसरे संदिग्ध के पास से बंदूक भी मिली।

मुंबई क्राइम ब्रांच मामले में आगे की जांच कर रही है। दोनों संदिग्धों का फर्जी पहचान पत्र और हथियार के साथ आने की क्या वजह थी, इसकी जांच की जा रही है। थोड़ी देर में दोनों को मुंबई के मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया जाएगा। मुंबई पुलिस के मुताबिक, मुंबई के नीता अंबानी कल्चरल सेंटर (NMACC) से दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। यहां आज प्रधानमंत्री का कार्यक्रम होना है। पकड़ाए गए दो संदिग्धों में से एक की पहचान हो गई है, उसकी पहचान रोहन पारेख (24) के रूप में हुई है। उसने खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय का अधिकारी बताया था। उसके साथ एक बॉडीगार्ड भी मिला, जिसके पास बंदूक भी थी। आगे की जांच की जा रही है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (मंगलवार, 8 सितंबर) मुंबई स्थित जियो वर्ल्ड सेंटर में ग्लोबल फिनटेक टेस्ट 2026 का शुभारंभ करेंगे।

## दिल्ली के पूर्व चीफ सेक्रेटरी राकेश मेहता ने किया सुसाइड, पंखे से लटका मिला शव

**थिंक राजस्थान**

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व चीफ सेक्रेटरी राकेश मेहता (74) ने मंगलवार रात को नोएडा स्थित अपने आवास पर कथित रूप से खुदकुशी कर ली। अधिकारियों के मुताबिक, उनका शव 6 सितंबर को नोएडा के सेक्टर 82 स्थित उनके आवास पर छत के पंखे से झूलता मिला। बता दें, राकेश मेहता दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की सरकार में करीब तीन साल तक मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक, नोएडा पुलिस को घटनास्थल से कथित रूप से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ। इसमें राकेश मेहता ने खुदकुशी करने के पीछे मानसिक और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों की वजह बताई। मालूम हो कि, शीला दीक्षित सरकार के कार्यकाल के दौरान मेहता तीन साल से अधिक समय तक दिल्ली के मुख्य सचिव के तौर पर नियुक्त रहे थे। वह 1975 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी थे। न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, मेहता के पूर्व सहयोगियों ने कहा कि उन्होंने दिल्ली सरकार में अलग-अलग पदों पर कार्य किया और वह दिल्ली नगर निगम (MCD) के कमिश्नर भी रहे थे।

## अमेरिका ने ईरान के 5 तेल टैंकरों पर बोला हमला, ईरान ने जॉर्डन स्थित अमेरिकी बेस पर दागीं 20 मिसाइलें



**थिंक राजस्थान**

दुबई/वॉशिंगटन। पश्चिम एशिया (खाड़ी क्षेत्र) में भू-राजनीतिक तनाव एक बार फिर विस्फोटक मोड़ पर पहुंच गया है। अमेरिकी युद्धपोत पर हुए हमलों के जवाब में अमेरिकी सेना ने ईरान के 5 तेल टैंकरों पर बड़ा हवाई हमला किया है। इसके तुरंत बाद ईरान ने पलटवार करते हुए जॉर्डन में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकाने को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ मिसाइलें दागीं। दोनों शक्तियों के बीच सीधे टकराव से वैश्विक ऊर्जा बाजार में हड़कंप मच गया है और कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया है।

हमलों से जुड़ी प्रमुख जानकारियां: अमेरिकी स्ट्राइकः अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) के अनुसार, पिछले 48 घंटों में एक अमेरिकी युद्धपोत को दो बार निशाना बनाए जाने के प्रतिशोध में यह कार्रवाई की गई। अमेरिकी बलों ने ओमान की खाड़ी में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर (IRGC) से जुड़े 4 टैंकरों को ध्वस्त किया, जबकि 5वां टैंकर ईरान के सबसे बड़े तेल निर्यात केंद्र 'खार्ग द्वीप' के पास निशाना बनाया गया। ईरान का जवाबी प्रहारः हमले के तुरंत बाद ईरान ने जॉर्डन में स्थित एक प्रमुख अमेरिकी सैन्य अड्डे पर 20 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। जॉर्डन के रक्षा प्रवक्ता के अनुसार, उनके एयर डिफेंस सिस्टम ने 18 मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया, जबकि शेष 2 मिसाइलें रिहायशी इलाकों से दूर गिरीं, जिससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

IRGC की सीधी चेतावनीः ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की नौसेना ने कुवैत और बहरीन के बंदरगाहों पर मौजूद सभी अमेरिकी जहाजों और उनसे जुड़े तेल टैंकरों के चालक दल (क्रू) को तत्काल जहाज खाली करने का अल्टीमेटम दिया है। ईरान ने साफ कहा है कि बंदरगाहों पर खड़े या लंगर डाले जहाजों को भी सीधा निशाना बनाया जाएगा।

## स्विगी इंस्टामार्ट के डार्क स्टोर पर बेंगलुरु में पड़ा छापा, स्वास्थ्य मंत्री ने सामान खरीदने से पहले एक्सपायरी डेट चेक करने की अपील की



**थिंक राजस्थान**

बेंगलुरु। कर्नाटक के स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को स्विगी इंस्टामार्ट के एक डार्क स्टोर पर छापा मारा। यह कार्रवाई एक्सपायर हो चुके खाने-पीने के सामान और दवाओं के स्टोरेज और बिक्री के खिलाफ तेज की गई मुहिम का हिस्सा थी। इसके साथ ही, कर्नाटक के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यू.टी. खादर ने लोगों से अपील की कि वे खाने-पीने की चीजें और दवाएं खरीदने से पहले उनकी एक्सपायरी डेट जरूर देख लें। यह छापेमारी बेंगलुरु और उसके आस-पास के इलाकों में खाद्य सुरक्षा विभाग और औषधि सुरक्षा विभाग के बड़े अभियान का हिस्सा थी। छापेमारी के बारे में और जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। वहीं, मंत्री खादर ने बेंगलुरु में मीडिया से बात करते हुए कहा कि पिछले एक हफ्ते में पूरे राज्य में लगभग 3 करोड़ रुपए की कीमत के खाद्य उत्पाद और दवाइयां जब्त की गई हैं, जिनमें एक्सपायर हो चुके प्रोडक्ट और दवाइयां भी शामिल हैं, जिन्हें कथित तौर पर बेचने के लिए स्टोर किया गया था और उन पर नए लेबल लगाए गए थे। खादर ने ग्राहकों से खाना, दवाइयां और दूसरे प्रोडक्ट खरीदते समय सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा, 'मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे कोई भी प्रोडक्ट खरीदने से पहले उसकी एक्सपायरी डेट जरूर देखें। अगर आपको कोई छोटा-सा भी सुराग या कुछ संदिग्ध दिखे, तो कृपया इसकी रिपोर्ट करें।' उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ग्राहकों को प्रोडक्ट की जांच करने में मदद करने के लिए क्यूआर कोड और बारकोड शुरू किए हैं।

साथ ही, सोशल एक्टिविस्ट से अपील की कि वे सार्वजनिक जगहों पर इस सिस्टम के बारे में जानकारी फैलाकर लोगों में जागरूकता पैदा करें।ऑनलाइन और ऑफलाइन चैनलों के जरिए ग्राहकों तक एक्सपायर हो चुके और गलत लेबल वाले खाने-पीने के सामान और दवाइयों को पहुंचने से रोकने के लिए लगातार जांच और लोगों की भागीदारी जरूरी है। मंत्री ने बताया कि अधिकारियों को होसकोटे में डार्क स्टोर्स पर लगभग 45 लाख रुपए की दवाइयां मिलीं और कहा कि कुछ उत्पादों के लेबल बदल दिए गए थे। जब्त किए गए उत्पादों को अधिकारियों ने अपनी कस्टडी में ले लिया है और आगे की जांच चल रही है। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के बाद अब संबंधित अधिकारियों की ओर से जब्त किए गए सामान की जांच की जा रही है। इसमें उत्पादों की एक्सपायरी, लेबलिंग, स्टोरेज की स्थिति और बिक्री के लिए रखे जाने से जुड़े रिकॉर्ड की पड़ताल की जाएगी। यदि जांच में नियमों का उल्लंघन सामने आता है तो संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। डार्क स्टोर और ऑनलाइन डिलीवरी मॉडल के विस्तार के साथ खाद्य पदार्थों और दवाओं की आपूर्ति की निगरानी भी महत्वपूर्ण हो गई है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कराने की कोशिश में भारत: विदेश मंत्रालय

**थिंक राजस्थान**

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भारत के पुराने रुख को दोहराया है। मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि भारत का मानना है कि युद्ध का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकलेगा। विदेश मंत्रालय ने बताया कि नई दिल्ली इस युद्ध को खत्म करने के लिए मॉस्को और कीव दोनों के संपर्क में है और ऐसे सुझावों पर विचार कर रही है, जिससे संघर्ष को रोका जा सके। नई दिल्ली में द्वि-साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की हाल की पोलैंड और यूक्रेन यात्रा का जिक्र किया, जहां उन्होंने कहा था कि यह युद्ध का युग नहीं है और संघर्ष को समाप्त करने के लिए किसी भी तरह से मदद करने के लिए भारत की तत्परता व्यक्त की थी। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारत रूस और यूक्रेन के बीच शांति में मध्यस्थता कर रहा है।

## सामान्य सीटों पर मुस्लिम चेहरों से भाजपा के कोर वोटर में उबाल, उपेक्षा से सिंधी समाज भी खफा



**थिंक राजस्थान**

जयपुर। नगर निगम के 150 वार्डों में प्रत्याशियों की सूची ने भाजपा के भीतर और बाहर सियासी तापमान बढ़ा दिया है। पार्टी के इस बार के टिकट वितरण को जहाँ नेतृत्व एक नए सामाजिक प्रयोग और 'सबका साथ' की नीति के तहत विपक्षी गढ़ में सेंध लगाने की रणनीति के तौर पर देख रहा है, वहीं पार्टी का जमीनी कैडर और परंपरागत मतदाता इसे अपने अधिकारों पर चोट मानकर असहज महसूस कर रहा है। सामान्य वर्ग की 64 और 29 सामान्य महिला सीटों के बड़े फलक के बीच पार्टी द्वारा अल्पसंख्यक चेहरों को प्रमुखता दिए जाने से कार्यकर्ताओं और हिंदू वोटरों के मनोबल पर सीधा असर देखा जा रहा है। पार्टी ने लीक से हटते हुए वार्ड-19 से श्रीमती शाहनवाज अंसारी (सामान्य), वार्ड-109 से जाकिर खान कायमखानी (सामान्य), वार्ड-113 से फरीदुद्दीन जैकी (ओबीसी), वार्ड-117 से श्रीमती शबाब जहाँ (सामान्य महिला), वार्ड-128 से माजिद पठान (सामान्य), वार्ड-136 से श्रीमती मिजाना मिर्जा (सामान्य महिला), वार्ड-137 से रहीस मंसूरी (सामान्य) और वार्ड-146 से श्रीमती अफसाना (ओबीसी महिला) को मैदान में उतारा है। जबकि सिंधी समाज भाजपा का कोर वोटर माना जाता रहा है।

## सत्य निकेतन हादसा: लेबर कॉन्ट्रैक्टर यूपी से गिरफ्तार, मालकिन और पति न्यायिक हिरासत में

**थिंक राजस्थान**

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश के कासगंज से उस लेबर कॉन्ट्रैक्टर को गिरफ्तार किया है जो सत्य निकेतन की उस दुर्भाग्यपूर्ण पीजी बिल्डिंग के बेसमेंट में मरम्मत का काम देख रहा था। साथ ही, बिल्डिंग के मालिक परिवार के तीन सदस्यों को अलग-अलग समय के लिए न्यायिक और पुलिस हिरासत में भेजा गया है।

पुलिस ने बताया कि लेबर कॉन्ट्रैक्टर सनोज को कासगंज से पकड़ा गया और पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि सानोज से शुरुआती पूछताछ में पता चला कि जिस दिन बिल्डिंग गिरी, उस दिन बेसमेंट के फर्श की मरम्मत हो रही थी क्योंकि पिछले 8-10 दिनों से बारिश के मौसम में वहां कचरा जमा हो रहा था। साथ ही, कमर्शियल मकसद से जगह बढ़ाने के लिए बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर की भी मरम्मत की जा रही थी।

## कब ट्रैक पर दौड़ेगी पहली स्वदेशी बुलेट ट्रेन, रेल मंत्री ने दिया बड़ा अपडेट



**थिंक राजस्थान**

दिल्ली। देश की पहली स्वदेशी बुलेट ट्रेन जल्द ही पटरी पर दौड़ती नजर आएगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि स्वदेशी तकनीक पर बेस्ट बुलेट ट्रेन का परीक्षण अगले साल मई-जून में शुरू हो सकता है। उन्होंने गुजरात वडोदरा में मंगलवार को आयोजित 'नमो फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम के दौरान यह बता कही। रेल मंत्री ने आगे बताया कि सफल ट्रायल के पूरा होने के करीब 2 से 4 महीने बाद ही बुलेट ट्रेन को यात्रियों के लिए शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस ट्रेन का शेल निर्मित हो चुका है। मौजूदा समय में उसे स्क्वीज टेस्टिंग प्रक्रिया से गुजारा जा रहा है। मंत्री अश्विन वैष्णव के मुताबिक ट्रायल के सफल होने के बाद पीएम मोदी इसका आधिकारिक रूप से उद्घाटन करेंगे। इसके शुरू होने से पश्चिमी भारत के प्रमुख व्यवसायिक शहर मुंबई और वडोदरा के बीच आवागमन काफी सुगम हो जाएगा।

यात्री दोनों शहरों की यात्रा केवल डेढ़ कर सकेंगे। वहीं बीते सालों में रेलवे की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि चेनाब ब्रिज और मिजोरम कनेक्टिविटी जैसे लंबे समय से चल रही योजनाओं को पूरा किया गया। वहीं 36 हजार किलोमीटर से ज्यादा नए रेल ट्रैकों का निर्माण हुआ। 280 स्टेशनों का दोबारा विकास किया गया। रेल मंत्री के अनुसार, स्वदेशी बुलेट ट्रेन परियोजना में देश में विकसित तकनीक और निर्माण क्षमता का इस्तेमाल किया जा रहा है। ट्रेन का शेल तैयार होने के बाद अब उसकी विभिन्न तकनीकी और सुरक्षा संबंधी प्रक्रियाओं को पूरा किया जा रहा है। परीक्षण के दौरान ट्रेन की गति, संरचनात्मक मजबूती, ब्रेकिंग सिस्टम और अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी पहलुओं की जांच की जाएगी। ट्रायल के सफल रहने के बाद यात्रियों के लिए सेवा शुरू करने की दिशा में आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। रेल मंत्रालय का लक्ष्य परीक्षण के परिणामों का आकलन करने और जरूरी प्रमाणन के बाद निर्धारित समय सीमा में ट्रेन का संचालन शुरू करना है। इससे हाई-स्पीड रेल नेटवर्क के क्षेत्र में भारत की घरेलू तकनीकी क्षमता को भी बढ़ावा मिलेगा। मुंबई-वडोदरा के बीच तेज रेल कनेक्टिविटी से दोनों शहरों के बीच कारोबार, रोजगार और आवागमन को गति मिलने की उम्मीद है।

## संपादकीय

# मतदान कार्मिक अपने दायित्वों के प्रति रहें प्रतिबद्ध, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान करें सुनिश्चित : सुराणा

एजेंसी, थिंक राजस्थान

चूरू। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत चूरू नगरपरिषद एवं रतननगर नगरपालिका के वार्ड सदस्यों के निर्वाचन के लिए नियुक्त मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण एवं रवानगी प्रक्रिया का पर्यवेक्षण किया। उन्होंने मतदान कार्मिकों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सुराणा ने कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र की रीढ़ हैं और इसकी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बेहद महत्वपूर्ण है। सभी मतदान कार्मिक निर्वाचन आयोग के निर्देशों और नियमों की पूरी तरह पालना करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का भौतिक निरीक्षण करने और किसी कमी की जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारियों को देने के निर्देश दिए। किसी समस्या की स्थिति में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं एरिया मजिस्ट्रेट को तुरंत सूचना देने तथा आपसी समन्वय से शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने को कहा। एसपी निश्चय प्रसाद एम ने मतदान दलों और सुरक्षा कार्मिकों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने मतदान के दौरान कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी दी। चूरू नगरपरिषद रिटर्निंग अधिकारी एवं सीईओ श्वेता कोचर ने मतदान दलों को उनके दायित्वों, आवश्यक प्रपत्रों, ईवीएम संचालन और मतदान केंद्र पर अपनाई जाने वाली प्रक्रिया की जानकारी दी। मास्टर ट्रेनरों ने मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। इस दौरान एसडीएम धीरज झाझड़िया, सीओ गजेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं मतदान दल मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिकों को मतदान केंद्र पर पहुंचने के बाद की जाने वाली आवश्यक प्रक्रियाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने ईवीएम की जांच, मतदान की गोपनीयता बनाए रखने, मतदाताओं की पहचान और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदान कराने पर विशेष जोर दिया। रवानगी से पहले मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री की उपलब्धता और उसके सुरक्षित रख-रखाव को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए।




## चुनावी माहौल में पुलिस का शक्ति प्रदर्शन, चूरू शहर में निकला फ्लैग मार्च





एजेंसी, थिंक राजस्थान

चूरू। नगर निकाय चुनाव-2026 को लेकर कानून-व्यवस्था और शांतिपूर्ण मतदान का संदेश देने के लिए मंगलवार को पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस जवानों ने प्रमुख बाजारों और संवेदनशील इलाकों से गुजरकर आमजन को निर्भीक होकर मतदान करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान ड्रोन से भी संवेदनशील क्षेत्रों और प्रमुख स्थानों पर निगरानी रखी गई।

जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम के निर्देश पर कोतवाली थाने से शुरू हुआ फ्लैग मार्च मोचीवाड़ा, झारिया मोरी, सुभाष चौक, नई सड़क, स्टेशन रोड, धर्मस्तूप और पुरानी सड़क सहित प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। मार्च में पुलिस अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में जवान मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चुनाव के दौरान संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। ड्रोन के जरिए भी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि चुनाव में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही आमजन से शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने और निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। फ्लैग मार्च में एसडीएम धीरज झाझड़िया, एएसपी सुनील कुमार, सिटी सीओ गजेन्द्र सिंह, कोतवाली थाना अधिकारी गौरव खिड़िया, महिला थाना अधिकारी कुसुमलता सहित पुलिस के जवान शामिल रहे। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया। प्रमुख चौराहों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी के जरिए लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। अधिकारियों ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। पुलिस की ओर से मतदान केंद्रों के आसपास भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों को चिन्हित कर वहां अतिरिक्त निगरानी और आवश्यक पुलिस बल की व्यवस्था की जाएगी।

## मेहरासर चाचेरा के गोगाजी मंदिर परिसर में 18 सितंबर को 19वां विशाल जागरण

एजेंसी, थिंक राजस्थान

सरदारशहर। तहसील सरदारशहर के गांव मेहरासर चाचेरा स्थित गोगाजी मंदिर परिसर में श्री उगम सिंह जी दादोसा की समाधि पर 18 सितंबर 2026 को 19वें विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है और मंदिर परिसर में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। श्री उगम सिंह जी दादोसा गोगाजी के अनन्य भक्त थे। वे गांव मेहरासर चाचेरा स्थित गोगाजी मंदिर में नियमित रूप से गोगाजी की पूजा-अर्चना करते थे। गोगाजी के प्रति उनकी गहरी आस्था के चलते क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उनके प्रति भी विशेष श्रद्धा रही है। उनके देहांत के बाद गोगाजी मंदिर परिसर में ही उनकी समाधि बनाई गई। इसी समाधि स्थल पर पिछले वर्षों से प्रत्येक वर्ष विशाल जागरण का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह आयोजन 19वीं बार होने जा रहा है। जागरण के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया जाएगा। धार्मिक कार्यक्रमों के साथ भजन-संध्या और गोगाजी के भजनों का आयोजन होगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। जागरण के दौरान श्रद्धालु गोगाजी के जयकारों के साथ भक्ति में लीन रहेंगे और श्री उगम सिंह जी दादोसा की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

## स्वर्णकार समाज के 10 प्रत्याशियों का अभिनंदन, तीन महिला प्रत्याशियों को 11-11 हजार की माला भेंट

एजेंसी, थिंक राजस्थान

सरदारशहर। आगामी नगर परिषद चुनाव में स्वर्णकार समाज के 10 प्रत्याशियों के चुनाव मैदान में उतरने पर श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज संस्थान की ओर से अभिनंदन एवं शुभकामना कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था अध्यक्ष रतनलाल डावर ने सभी प्रत्याशियों का सम्मान करते हुए समाज में भाईचारे, एकजुटता और राजनीतिक सहभागिता का संदेश दिया।

संस्था की ओर से सभी 10 प्रत्याशियों को स्टेशनरी किट और एक-एक बैनर भी प्रदान किए जा रहे हैं। समाजबंधुओं ने इसे सामाजिक एकता की मिसाल बताते हुए रतनलाल डावर की पहल की सराहना की। इस बार समाज की तीन बहू-बेटियां अम्बिका देवी, मैना देवी और पूजा देवी भी चुनाव मैदान में हैं। महिलाओं की राजनीति में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रतनलाल डावर ने तीनों महिला प्रत्याशियों को 11-11 हजार रुपए की माला भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सोनी परिषद संस्थान के संरक्षक चंपालाल झिंगा, उपाध्यक्ष धर्मचंद जोड़ा, उपमंत्री मनोज कुमार भामा, विधि सलाहकार रूपचंद माण्डन, सुबोध जांगलवा सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।





## हिसार -तिरुपति -हिसार रेलसेवा एलएचबी रैक से होगी संचालित

एजेंसी, थिंक राजस्थान

बीकानेर। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु हिसार -तिरुपति -हिसार रेलसेवा को एलएचबी रैक से संचालित किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 14723/14724, हिसार -तिरुपति -हिसार रेलसेवा हिसार से दिनांक से 03.10.26 से एवं तिरुपति से दिनांक 05.10.26 से एलएचबी रैक से संचालित होगी। इस रेलसेवा में एलएचबी रैक के 02 सैकण्ड एसी, 07 थर्ड एसी, 07 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी व 02 पॉवरकार श्रेणी डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बे होंगें। एलएचबी रैक से संचालन शुरू होने के बाद यात्रियों को अधिक आधुनिक कोच और बेहतर यात्रा सुविधा मिलने की उम्मीद है। एलएचबी कोच पारंपरिक कोचों की तुलना में आधुनिक डिजाइन और बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के लिए जाने जाते हैं। इसके अलावा ट्रेन में दो पावरकार भी रहेंगे। इस तरह ट्रेन में कुल 22 डिब्बों का संयोजन रहेगा।

# खाचरियावास बोले, 'रोड शो से पहले CM जनता को बताएं, जयपुर को ढाई साल में क्या मिला?'

जयपुर, थिंक राजस्थान

जयपुर। प्रदेश में 309 नगरीय निकायों में हो रहे चुनाव को लेकर पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने भाजपा पर हमला बोलते हुए निकाय चुनाव को भाजपा के घमंड का जवाब देने का मौका करार दिया। खाचरियावास ने मुख्यमंत्री के रोड शो को लेकर भी सवाल उठाए और कहा कि जयपुर की सड़क टूटी पड़ी है। शहर ट्रैफिक जाम से जूझ रहा है और विकास ठप पड़ा है, तो फिर मुख्यमंत्री आखिर किस उपलब्धि का रोड शो कर रहे हैं। खाचरियावास ने मंगलवार को अपने आवास में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह चुनाव भाजपा को यह एहसास कराने वाला है कि जनता उसके ढाई साल के काम से खुश नहीं है। पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कल जयपुर में होने वाले रोड शो पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि पहली बार किसी मुख्यमंत्री को निकाय चुनाव के लिए इस तरह सड़कों पर उतरकर प्रचार करते देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री को रोड शो करने से पहले जनता को यह बताना चाहिए कि जयपुर को ढाई साल में क्या मिला। मुख्यमंत्री खुद सांगानेर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन वहां सड़कों की हालत बहुत खराब है। सांगानेर के बाद कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह के क्षेत्र झोटवाड़ा और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के निर्वाचन क्षेत्र विद्याधर नगर की भी हालत खराब है। प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री से जयपुर की जनता सवाल पूछ रही है कि अगर हजारों करोड़ रुपए खर्च करने का दावा किया गया, तो पैसा कहां गया। प्रताप सिंह ने सरकार को कानून व्यवस्था के मुद्दे पर घेरते हुए कहा कि आज राजस्थान में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध के मामले सामने आ रहे हैं। प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश में 22 प्रसूताओं की मौत हो गई, पांच महिलाएं अंधी हो गई और सात महिलाओं की किडनी फेल हो गई।



## राजपूत समाज के राजनीतिक नेतृत्व से 8 सूत्रीय कार्ययोजना की मांग

एजेंसी, थिंक राजस्थान

बीकानेर। अखंड राजपुताना सेवासंघ ने राजपूत समाज के सांसदों, केंद्रीय एवं राज्य मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों और सभी राजनीतिक दलों के वरिष्ठ राजपूत जनप्रतिनिधियों से शिक्षा, रोजगार, आर्थिक सशक्तिकरण और राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर ठोस कार्ययोजना बनाने की अपील की है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर आरपी सिंह दुर्गावंश ने कहा कि यह अपील किसी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध में नहीं, बल्कि समाज और राजनीतिक नेतृत्व के बीच संवाद एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से है। उन्होंने कहा कि अन्य समाजों के नेता अलग-अलग दलों में रहते हुए भी अपने सामाजिक मुद्दे प्रमुखता से उठाते हैं, ऐसे में राजपूत समाज के प्रभावशाली नेताओं से भी सामाजिक चिंताओं पर स्पष्टता से बोलने और काम करने की अपेक्षा है।

# भाजपा को वोट की करारी चोट देना जरूरी, झटका नहीं दिया तो और निरंकुश हो जाएगी सरकारः टीकाराम जूली

जयपुर, थिंक राजस्थान

जयपुर। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए प्रदेश की जनता से जनविरोधी और भ्रष्ट शासन के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया है। जूली ने कहा कि निकाय चुनाव के समय भाजपा को वोट की करारी चोट देना बेहद जरूरी हो गया है। अगर जनता ने अभी इस सरकार को झटका नहीं दिया, तो यह पूरी तरह निरंकुश हो चुकी सरकार और अधिक बेकाबू हो जाएगी तथा आमजन के हित का एक भी काम नहीं करेगी। उन्होंने याद दिलाया कि लोकतंत्र में वोट की ताकत सबसे बड़ी ताकत होती है और इसका इस्तेमाल निरंकुशता को रोकने के लिए होना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि आज पूरे राजस्थान में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। शहरों में आम आदमी का जीना मुहाल है; रोजाना लोगों को भीषण ट्रैफिक जाम, उफनते सीवरेज, चोक नालियों और टूटी-बिखरी सड़कों की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। पूरे प्रदेश में केवल भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जूली ने जनता से अपील की कि इस कुशासन और भ्रष्टाचार का अंत करने के लिए सभी लोग आगे आएं, आगामी नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें और पार्टी को भारी बहुमत से विजयी बनाकर इस सोई हुई सरकार को जगाएं। टीकाराम जूली ने कहा कि पेयजल योजनाओं से जुड़े ठेकेदारों का भुगतान पिछले तीन वर्षों से अटका हुआ है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि आर्थिक तंगी से परेशान होकर ठेकेदार 'जल योजनाओं का काम बंद करने की चेतावनी देने कोमजबूर हो गए हैं। यह स्थिति भाजपा के खोखले सुशासन के दावों की पोल खोलती है। डबल इंजन का ढोल पीटने वाली भाजपा सरकार आज ठेकेदारों के बकाया बिल तक चुकाने में असमर्थ साबित हो रही है। इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है कि पीएचईडी कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन को अखबारों में विज्ञापन जारी कर राज्य सरकार से अपने ही हक के भुगतान की गुहार लगानी पड़ रही है।



# साइबर अपराध पीड़ितों को त्वरित राहत और नवीन आपराधिक कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें

जयपुर, थिंक राजस्थान

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने मंगलवार को शासन सचिवालय में इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस), साइबर सुरक्षा तथा नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में आपराधिक न्याय प्रणाली से जुड़े विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म, साइबर अपराधों से निपटने की व्यवस्था तथा नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने आईसीजेएस के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए आपराधिक न्याय प्रणाली के विभिन्न स्तंभों के बीच डिजिटल एकीकरण को और मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने ई-समन की इलेक्ट्रॉनिक तामील में सुधार तथा फॉरेंसिक, कारागार, अभियोजन एवं मेडिको-लीगल व्यवस्थाओं के डिजिटल इंटीग्रेशन को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। समीक्षा के दौरान आईसीजेएस के तहत हुई प्रगति पर चर्चा करते हुए मुख्य सचिव ने शेष तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। नवीन आपराधिक कानूनों से संबंधित राष्ट्रीय डैशबोर्ड पर आईसीजेएस इंटीग्रेशन में राजस्थान को 10 में से 10 अंक प्राप्त हुए हैं। प्रदेश के सभी 1,040 पुलिस थानों में राजनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जा चुकी है। मुख्य सचिव ने चिकित्सा, पुलिस एवं अभियोजन से संबंधित डिजिटल प्रणालियों के बेहतर उपयोग पर भी जोर दिया। मुख्य सचिव ने साइबर अपराधों की समीक्षा करते हुए साइबर फ्रॉड पीड़ितों की होल्ड की गई राशि शीघ्र वापस दिलाने को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड के मामलों में पुलिस और बैंकों के बीच बेहतर समन्वय से पीड़ितों को त्वरित राहत मिलनी चाहिए।



# भारत मंडपम में होगा 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग', 3000 युवा यूथ पार्लियामेंट में लेंगे हिस्सा

जयपुर, थिंक राजस्थान

जयपुर। 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027' का राष्ट्रीय ग्रैंड फिनाले 10 से 12 जनवरी 2027 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। इसमें देशभर के 15 से 29 वर्ष के युवाओं को अपने आइडिया, इनोवेशन और देश के विकास से जुड़े विचार राष्ट्रीय स्तर पर रखने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के तहत 'विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट' में करीब 3000 युवा हिस्सा लेंगे। इसमें 10वीं पास युवा भी भाग ले सकेंगे। माय भारत राजस्थान के राज्य निदेशक देवेंद्र व्यास ने मंगलवार को राज्यस्तरीय प्रेस वार्ता में बताया कि राजस्थान से अब तक 50 हजार से अधिक युवाओं ने माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है। प्रदेश के सभी जिलों में जिला युवा अधिकारी और माय भारत स्वयंसेवक स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों में जाकर युवाओं को अभियान से जोड़ रहे हैं। चयन प्रक्रिया की शुरुआत डिजिटल क्विज से होगी, जो 17 अगस्त से 30 सितंबर तक माय भारत पोर्टल पर आयोजित की जा रही है। इसमें शीर्ष 10 प्रतिशत प्रतिभागियों को निबंध प्रतियोगिता के लिए चुना जाएगा। निबंध प्रतियोगिता 5 से 19 अक्टूबर तक होगी, जिसमें युवाओं को निर्धारित विषयों पर 500 शब्दों का निबंध ऑनलाइन जमा करना होगा। इसके बाद प्रत्येक जिले से शीर्ष 50 प्रतिभागियों का चयन कर जिला स्तर पर पीपीटी प्रेजेंटेशन कराया जाएगा। जिला स्तर का पीपीटी राउंड 10 से 16 नवंबर तक होगा। राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवाओं की टीम राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी। यूथ पार्लियामेंट के अलावा सांस्कृतिक और नवाचार आधारित ट्रैक भी होंगे। इनमें समूह लोकगीत, लोकनृत्य, चित्रकला, भाषण और काव्य पाठ के साथ डिजाइन फॉर भारत, हैक फॉर सोशल कॉज और यूथ एंटरप्रेन्योर्स चैलेंज शामिल हैं। इनके जरिए युवा अपने तकनीकी आइडिया, इनोवेशन और स्टार्टअप मॉडल प्रस्तुत कर सकेंगे। 15 से 29 वर्ष की आयु के युवा mybharat.gov.in पर 'Register Now' विकल्प के जरिए पंजीकरण कर सकते हैं। मोबाइल या ईमेल पर प्राप्त ओटीपी से सत्यापन के बाद आवेदन किया जा सकता है। पहले से पंजीकृत युवा सीधे लॉगिन कर डिजिटल क्विज में शामिल हो सकते हैं।



## राजस्थान/ प्रादेशिक

# जयपुरः टूरिस्ट गाइड की मौत के बाद बवाल, बाजार बंद कर सड़क पर उतरे लोग; 50 लाख मुआवजे पर बनी सहमति

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। आमेर थाना क्षेत्र में चाकूबाजी में टूरिस्ट गाइड मनीष सोनी की मौत के बाद मंगलवार को स्थानीय लोगों और परिजनों ने बाजार बंद कर सड़क पर धरना दिया। प्रशासन और परिजनों के बीच लंबी वार्ता के बाद 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, संविदा पर नौकरी, डेयरी बूथ और आरोपी के खिलाफ केस ऑफिसर स्कीम के तहत कार्रवाई पर सहमति बनी। इसके बाद देर शाम धरना समाप्त कर दिया गया। एसीपी आमेर प्रतीक सिंह ने बताया कि सोमवार को टूरिस्ट को ले जाने की बात को लेकर जीप चालक और टूरिस्ट गाइड के बीच विवाद हुआ था। झगड़े के दौरान चाकूबाजी में मनीष सोनी गंभीर घायल हो गए थे। उन्हें एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी आजम खान को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। धरने के दौरान आमेर का मुख्य बाजार बंद रहा और सड़क जाम होने से यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस ने आमेर आने वाले मार्गों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की आवाजाही रोकी। रामगढ़ मोड़ और कुंडा तिराहे से आमेर की ओर आने वाले वाहनों को रोकने के कारण पर्यटक भी आमेर महल नहीं पहुंच सके। इससे आमेर महल और बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। परिजनों ने एक करोड़ रुपए आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरी, डेयरी बूथ और आरोपी के घर पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग की थी। वार्ता के बाद 50 लाख रुपए सहायता पर सहमति बनी, जिसमें 31 लाख रुपए प्रशासन तथा 19 लाख रुपए स्थानीय व्यापारियों और भामाशाहों की ओर से दिए जाएंगे। इसके अलावा संविदा पर नौकरी, डेयरी बूथ और आरोपी के खिलाफ केस ऑफिसर स्कीम के तहत कार्रवाई पर सहमति बनी। प्रशासन ने आमेर में बिना लाइसेंस और अनधिकृत टैक्सी वाहनों पर कार्रवाई करने की बात कही है। एसडीएम आमेर राजेंद्र कुमार ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पुलिस अधिकारियों से चर्चा कर ठोस कदम उठाए जाएंगे। विधायक बालमुकुंद आचार्य ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि गलत तरीके से अर्जित संपत्ति की भी जांच होनी चाहिए।



## पर्यावरण का संरक्षण भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य के लिए आवश्यक है




**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

भरतपुर। भारती उच्च शिक्षा संस्थान, जयपुर प्रांत के तत्वावधान में महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंत्रोच्चारण के साथ पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति जागरूकता का संदेश देना रहा।

इस अवसर पर विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ.धनंजय द्विवेदी ने पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण केवल हमारी जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य के लिए आवश्यक संकल्प है। अधिकाधिक पौधारोपण कर उनकी देखभाल करना हम सभी का दायित्व है।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.संजय कुमार ने पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों की नियमित देखभाल के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा,जब लगाए गए पौधों के संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की जाए।

## मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

श्रीगंगानगर। नगर निकाय चुनाव-2026 के तहत स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को जिले में विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को मतदान दिवस 9 सितम्बर और 11 सितम्बर 2026 को अधिकाधिक मतदान के लिये जागरूक किया गया। आर्यन पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय स्कूल श्रीगंगानगर में रंगोली के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने रचनात्मक रंगोलियों एवं जागरूकता नारों के माध्यम से आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रमों के माध्यम से विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले युवाओं, महिलाओं और अन्य मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की भागीदारी को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



## राजस्थान के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. मनन अग्रवाल ने जीता गोल्ड मेडल

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। देहरादून में आयोजित 45वीं जोनल नॉर्थ जोन राइफल शूटिंग चैम्पियनशिप में राजस्थान के प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. मनन अग्रवाल ने सटीक निशानेबाजी का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) अपने नाम किया है। उनकी इस राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि से प्रदेश के खेल और चिकित्सा जगत में खुशी की लहर दौड़ गई है। एक व्यस्त चिकित्सक के रूप में चिकित्सा सेवा के साथ-साथ शूटिंग जैसे एकाग्रता-प्रधान खेल में शीर्ष स्थान हासिल करना युवा पीढ़ी और खेल प्रेमियों के लिए एक मिसाल बना है। खेल विशेषज्ञों और सहयोगियों ने उनकी इस सफलता को उनकी निरंतर लगन और कड़े अभ्यास का परिणाम बताया है। डॉ. अग्रवाल की यह उपलब्धि राजस्थान के खेल परिदृश्य में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ती है। चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन के लिए निशानेबाजों को सटीकता, एकाग्रता और मानसिक संतुलन के साथ अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना होता है। डॉ. मनन अग्रवाल ने प्रतियोगिता के दौरान इन सभी पहलुओं का प्रभावी प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा साबित की।

## अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

श्रीगंगानगर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को राजकीय विधि महाविद्यालय श्रीगंगानगर में "अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस" के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रवि प्रकाश सुथार (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) ने विधिक जागरूकता शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को नालसा (शिक्षा) स्कीम 2026 की विस्तार से जानकारी देते हुये सशक्तिकरण और न्याय तक पहुंच के साधन के रूप में साक्षरता और शिक्षा का महत्व समझाया।

शिक्षा, सामाजिक कल्याण और सार्वजनिक सेवाओं से जुड़े कानूनी अधिकार, व्यक्तों, महिलाओं, वंचित समूहों के बीच बुनियादी साक्षरता और कानूनी साक्षरता के महत्व को बताया गया।

## सांडवा पुलिस ने डेढ़ घंटे में खोली अपहरण की वारदात, 7 वर्षीय बच्ची को सकुशल छुड़ाया

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

चूरू। जिले की सांडवा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 7 वर्षीय बच्ची के अपहरण के मामले को महज डेढ़ घंटे में सुलझा लिया। पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद करने के साथ आरोपी को बाइक समेत राउंडअप कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने में जमा हो गए। सांडवा थानाधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि सुबह करीब 6:10 बजे बच्ची के अपहरण की सूचना मिली और 7:50 बजे पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने तुरंत चार टीमें गठित कर बच्ची और आरोपी की तलाश शुरू की। ग्रामीणों और सीएलजी सदस्यों के सहयोग के साथ तकनीकी एवं जमीनी सूचनाओं के आधार पर तलाश तेज की गई। करीब 9:30 बजे पुलिस टीम ने सांडवा गांव के उडवाला सड़क मार्ग पर आरोपी को बाइक समेत राउंडअप कर बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। बच्ची के अपहरण की सूचना फैलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने पहुंच गए थे। बच्ची के सुरक्षित मिलने पर परिजनों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। पुलिस के अनुसार नाबालिग की मां की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मामले में पॉक्सो एक्ट, अपहरण और छेड़छाड़ से संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब घटना के पीछे की परिस्थितियों और आरोपी की भूमिका को लेकर जानकारी जुटा रही है।




# 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियानः WTP में नॉनवेज डिशेज की बिक्री पर रोक, खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग का सघन निरीक्षण अभियान जारी है। मंगलवार को विभाग की टीम ने वर्ल्ड ट्रेड पार्क (WTP) के फूड कोर्ट स्थित रेस्टोरेंट और फूड आउटलेट्स की जांच की। करीब दो दर्जन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि एक पिज्जा रेस्टोरेंट में वेज और नॉनवेज पिज्जा सहित अन्य खाद्य सामग्री एक ही किचन में बिना पार्टीशन तैयार की जा रही थी। दोनों के लिए फ्रायर और फ्रिज भी अलग-अलग नहीं थे। वहीं, रेस्टोरेंट के फूड लाइसेंस में नॉनवेज खाद्य सामग्री की अनुमति भी नहीं थी। टीम ने नॉनवेज डिशेज की बिक्री पर रोक लगाते हुए किचन में मौजूद नॉनवेज सामग्री को हटवाकर कोल्ड स्टोर में रखवाया और संचालक को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया। मौके से इस्तेमाल किए गए रिफाइंड ऑयल का नमूना भी लिया गया। इसके अलावा एक प्रतिष्ठान से रिफाइंड सोयाबीन तेल, एक वेज रेस्टोरेंट से ग्रेवी और अन्य प्रतिष्ठान से पनीर व दही के नमूने लिए गए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। टीम ने सभी आउटलेट्स को खाद्य लाइसेंस प्रमुखता से प्रदर्शित करने, फूड हैंडलर्स को ग्लव्स, टोपी और एप्रन पहनने, मेडिकल फिटनेस कराने, पानी की जांच करवाने और परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। कार्रवाई अतिरिक्त मुख्य सचिव गायत्री राठौड़ और आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉ. अविचल चतुर्वेदी के निर्देश पर की गई। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, विनोद थारवान और राजेश नागर शामिल रहे। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान संचालकों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता के निर्धारित मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि रसोई में कच्चे और तैयार खाद्य पदार्थों के रख-रखाव तथा खाद्य सामग्री की सुरक्षित तरीके से तैयारी पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। फूड हैंडलर्स की व्यक्तिगत स्वच्छता पर भी टीम ने विशेष जोर दिया।



## एसआईआर के बाद जयपुर अपनी पहली बड़ी चुनावी परीक्षा के लिए तैयार

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट की 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद जयपुर में पहली बड़ी चुनावी परीक्षा 11 सितंबर को होगी। इसमें 150 म्युनिसिपल वार्डों में 2,433,121 वोटर वोट डालने के लिए योग्य हैं। नई वोटर लिस्ट में लगभग 2.5 लाख वोटर जुड़े हैं, जिससे निकाय चुनावों से पहले चुनावी माहौल काफी बदल गया है। प्रशासन का लक्ष्य 90 से 95 प्रतिशत वोटिंग का है। ऐसे में कड़े मुकाबले वाले वार्डों में ये आंकड़े बहुत अहम हो सकते हैं। अगर 90 प्रतिशत वोटिंग होती है, तो जयपुर में लगभग 21.9 लाख वोट पड़ सकते हैं, जबकि 95 प्रतिशत वोटिंग होने पर यह आंकड़ा लगभग 23.1 लाख तक पहुंच सकता है। कई वार्डों में ये अतिरिक्त वोट जीत और हार के बीच का अंतर तय कर सकते हैं।

# मतदान दिवस पर आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करें : संदेश नायक



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने मतदान दिवस के दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में मतदाताओं को बिना किसी दबाव, परेशानी अथवा बाधा के अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारियों के साथ सहयोग करें तथा अपने अधिकृत कार्यकर्ताओं को उपयुक्त पहचान-पत्र उपलब्ध करवाएं।

मतदाताओं को दी जाने वाली पहचान पर्चियां सादे सफेद कागज पर हों तथा उन पर किसी राजनीतिक दल, अभ्यर्थी अथवा चुनाव चिह्न का उल्लेख नहीं किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदान दिवस एवं उससे पूर्व के 48 घंटों के दौरान किसी को शराब पेश अथवा वितरित नहीं की जाए। मतदान केन्द्रों के निकट लगाए गए कैम्पों पर अनावश्यक भीड़ एकत्रित नहीं होने दी जाए, ताकि विभिन्न दलों एवं अभ्यर्थियों के कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों के बीच तनाव अथवा संघर्ष की स्थिति उत्पन्न न हो।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि किसी दल अथवा अभ्यर्थी द्वारा प्रतिद्वंद्वी दल के सदस्यों, नेताओं अथवा अन्य अभ्यर्थियों के पुतले लेकर चलने, उन्हें सार्वजनिक स्थान पर जलाने अथवा ऐसे प्रदर्शनों का समर्थन करने से बचा जाए। मतदान दिवस पर वाहनों के संबंध में निर्धारित निर्वाचन नियमों का पालन करते हुए संबंधित अधिकारियों से परमिट प्राप्त किया जाए तथा वाहनों पर परमिट स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाए।

उन्होंने निर्देशित किया कि अधिकृत परमिट वाले वाहनों में अभ्यर्थी, उनके परिवारजन एवं निर्वाचन एजेंट तथा उनके परिवार के सदस्यों के अतिरिक्त किसी अन्य मतदाता को नहीं बिठाया जाए।

## प्रथम चरण के मतदान के लिए मतदान दल रवाना, 18 नगरीय निकायों के 565 बूथों के लिए मतदान दलों की रवानगी

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के तहत प्रथम चरण में 9 सितम्बर 2026 को प्रातः 7:00 से सांय 6:00 बजे तक होने वाले मतदान के लिए मंगलवार को मतदान दलों की रवानगी की गई। प्रथम चरण में जयपुर जिले की नगर परिषद् एवं नगरपालिकाओं के लिए नियुक्त मतदान दलों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री भवानी निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी, सीकर रोड, जयपुर से उनके संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया।

रवानगी स्थल पर मतदान दलों को आवश्यक निर्वाचन सामग्री उपलब्ध कराने, प्रशिक्षण तथा वाहनों की व्यवस्था की गई थी। जिला निर्वाचन अधिकारी (म्यूनिसिपल) संदेश नायक ने सभी मतदान कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराना हम सब कि नैतिक जिम्मेदारी है।

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकायों के चुनावों का जो दायित्व हमें प्रदान किया है उसे हमें निर्भीक एवं निष्पक्षता के साथ सुचारू रूप से संपन्न कराना है। उन्होंने कहा कि सभी पीठासीन अधिकारी अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर तत्काल मतदान हेतु प्रस्तावित भवन का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर मॉडल मतदान केंद्र के ले-आउट के अनुसार मतदान केंद्र की स्थापना करें। उन्होंने सभी मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया कि बैलेट यूनिट एक मेज पर वोटिंग कंपार्टमेंट में रखें, वोटिंग कंपार्टमेंट व कंट्रोल रूम में पर्याप्त दूरी हो, कंट्रोल यूनिट से बैलेट यूनिट को जोड़ने वाली केबल मतदान के सुचारू संचालन में बाधा न बने, यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई मतदाता मतदान कक्ष में केबल के साथ छेड़छाड़ करने का प्रयत्न ना करे, वोटिंग मशीन मतदान केंद्र की खिड़की या दरवाजे के समीप न हो, मतदाताओं के लिए मतदान कक्ष में प्रवेश व निकास की पृथक व्यवस्था सुनिश्चित् की जाए।



## SWSM की एपेक्स कमेटी की बैठक, मुख्य सचिव ने की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) की एपेक्स कमेटी की बैठक सचिवालय में आयोजित हुई। बैठक के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति से संबंधित विस्तृत पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। मुख्य सचिव ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को हर घर जल प्रमाणीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा जल नल मित्रों के प्रशिक्षण को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लक्ष्य की प्रभावी पूर्ति के साथ-साथ संबंधित ग्रामों में प्रमाणीकरण की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाई जाए तथा जल नल मित्रों को आवश्यक प्रशिक्षण देकर ग्रामीण जलापूर्ति व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन में उनकी प्रभावी भूमिका सुनिश्चित की जाए।



## मनोरंजन समाचार

# ‘परिणीति’ फेम तन्वी डोगरा ने जीवांश चड्ढा संग की सगाई, शेयर कीं रोमांटिक प्रपोजल की तस्वीरें

टीवी एक्ट्रेस तन्वी डोगरा अब अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। अपने एक्टिंग और अंदाज से दर्शकों के दिलों पर राज कनरे वालीं तन्वी डोगरा अब अपनी जिंदगी में एक और नए चैप्टर की शुरुआत के लिए तैयार हैं। मनोरंजन जगत को कई हिट शोज देने के बाद अब तन्वी अपनी जिंदगी के नए पड़ाव पर कदम रखने जा रही हैं, जिसका ऐलान उन्होंने सोशल मीडिया पर भी कर दिया है। तन्वी ने जीवांश चड्ढा से सगाई कर ली है, जिसकी तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। प्रपोजल की रोमांटिक तस्वीरें शेयर करते हुए तन्वी और जीवांश ने अपने रिलेशनशिप से पर्दा उठा दिया है। तन्वी डोगरा और जीवांश चड्ढा ने सोशल मीडिया पर रोमांटिक तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में दोनों एक-दूसरे के प्यार में खोए नजर आ रहे हैं। वहीं एक तस्वीर में तन्वी अपनी खूबसूरत इंगेजमेंट रिंग भी फ्लॉन्ट करती दिखीं। तस्वीरें शेयर करते हुए तन्वी ने कैप्शन में लिखा- ‘एक पल और पूरी ज़िंदगी के बीच, मैंने उससे अपनी होने के लिए कहा।’ नजर आईं। बीच पर एक खूबसूरत डेकोरेशन के साथ जीवांश ने त्वी को शादी के लिए प्रपोज किया। जीवांश चड्ढा की बात करें तो वह एक एक्टर और मॉडल हैं और



शेयर की गई फोटोज में से एक में जहां जीवांश, तन्वी को अपनी बाहों में उठाए दिखे तो वहीं एक में तन्वी अपनी रिंग फ्लॉन्ट करती टीवी इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं। वह ‘रंजू की बेटियां’ नाम के टीवी शो में नजर आ चुके हैं और तन्वी डोगरा के साथ ‘परिणीति’ का भी हिस्सा रह चुके हैं, जहां से इनकी रोमांटिक लव स्टोरी की शुरुआत हुई। जैसे ही तन्वी और जीवांश ने अपने रोमांटिक प्रपोजल की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं, उनके सेलिब्रिटी दोस्तों और फैंस ने कमेंट के जरिए बधाइयां देना शुरू कर दिया। हिबा नवाब, दीपिका सिंह, प्रतीक्षा होनमुखे, जसवीर कौर, आस्था चौधरी और जसवीर कौर सहित कई ने कमेंट करते हुए कपल को बधाई दी। वहीं फैंस कमेंट करते हुए पूछ रहे हैं कि दोनों शादी कब करने वाले हैं? वर्कफ्रंट की बात करें तो तन्वी डोगरा और जीवांश चड्ढा ‘परिणीति’ में साथ काम कर चुके हैं और यहीं से इनकी लव स्टोरी की भी शुरुआत हुई थी। इसके अलावा तन्वी ‘जीजी मां’, ‘सुहागन’, ‘एक भ्रम सर्वगुण संपन्न’ और ‘संतोषी मां’ जैसे चर्चित और हिट शोज में काम कर चुकी हैं। वहीं जीवांश की बात करें तो वह ‘रंजू की बेटियां’, ‘मेरा बलम थानेदार’ और ‘ये हैं चाहतें’ जैसे शोज में अपने अभिनय का दम-खम दिखा चुके हैं। सगाई की तस्वीरें सामने आने के बाद दोनों के फैंस सोशल मीडिया पर लगातार अपनी शुभकामनाएं दे रहे हैं। कपल की तस्वीरों में उनके बीच की बॉन्डिंग और खुशी साफ नजर आ रही है। खास तौर पर समुद्र किनारे किया गया प्रपोजल और तन्वी की इंगेजमेंट रिंग वाली तस्वीरों ने फैंस का ध्यान खींचा है। तन्वी और जीवांश ने अब तक अपने रिश्ते को निजी रखा था, लेकिन प्रपोजल की तस्वीरों के जरिए दोनों ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक कर दिया है।

## 5वें सोमवार भी नहीं थमी ‘हनुमान अंश’ की रफ्तार, ‘मिर्जापुर द मूवी’ को छोड़ा पीछे



विशाल चतुर्वेदी के निर्देशन में बनी धार्मिक फिल्म ‘हनुमान अंश’ बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद से कहीं ज्यादा मजबूत प्रदर्शन कर रही है। फिल्म में शोभिनाव सत्यम ने आध्यात्मिक गुरु नीम करोली बाबा की भूमिका निभाई है। रिलीज के पांचवें हफ्ते में पहुंच चुकी इस फिल्म की रोजाना कमाई में अब गिरावट जरूर देखने को मिल रही है, लेकिन इसके बावजूद इसका कारोबार जिस स्तर पर बना हुआ है, वह अपने आप में हैरान करने वाला है। पांचवें सोमवार को फिल्म ने करीब 10 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जो इसकी शानदार बॉक्स ऑफिस पकड़ को दर्शाता है। फिल्म के 32वें दिन यानी पांचवें सोमवार को ‘हनुमान अंश’ ने करीब 10 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इस दिन फिल्म के शो की संख्या बढ़कर 7343 हो गई थी। हालांकि, यह आंकड़ा पांचवें रविवार की तुलना में करीब 56 प्रतिशत कम रहा। रविवार को फिल्म ने 7077 शोज के जरिए 22.75 करोड़ रुपये कमाए थे, जो अब तक इसका सबसे बड़ा सिंगल-डे कलेक्शन बताया जा रहा है। इससे पहले शनिवार को फिल्म ने 6055 शोज से 16.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। वहीं पांचवें शुक्रवार को 5055 शोज के साथ इसकी कमाई 10 करोड़ रुपये रही। यानी दिलचस्प बात यह है कि फिल्म ने पांचवें सप्ताह के शुक्रवार और सोमवार को लगभग समान कमाई दर्ज की है। ‘हनुमान अंश’ ने अपने पांचवें सप्ताह के शुरुआती चार दिनों में ही 59.25 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। सप्ताह खत्म होने में अभी तीन दिन बाकी हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि फिल्म जल्द ही अपने चौथे सप्ताह की कुल कमाई को पार कर सकती है।

## श्रद्धा कपूर की वेकेशन तस्वीरों में दिखा प्यार का रंग, बॉयफ्रेंड राहुल मोदी संग एक्ट्रेस बिता रहीं क्वालिटी टाइम



बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर इन दिनों अपने काम से थोड़ा ब्रेक लेकर छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर अपनी हालिया ट्रिप की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह अलग-अलग अंदाज में मस्ती करती नजर आ रही हैं। हालांकि, इस वेकेशन की सबसे खास बात यह रही कि तस्वीरों के बीच श्रद्धा ने अपने कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी की भी झलक दिखा दी। इसके बाद एक बार फिर दोनों के रिश्ते को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। श्रद्धा कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वेकेशन की कई तस्वीरों वाला पोस्ट साझा किया। इन तस्वीरों में वह कभी किसी खूबसूरत जगह का आनंद लेती दिखीं तो कभी खाने-पीने और शॉपिंग से जुड़े पल कैमरे में कैद करती नजर आईं। अभिनेत्री ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, ‘छोटी सी छुट्टी तो बनती है ना???’ श्रद्धा की इन तस्वीरों में उनकी ट्रिप का खुशनुमा अंदाज साफ दिखाई दे रहा है। श्रद्धा ने पोस्ट की शुरुआत अपनी तस्वीरों से की, लेकिन इसके बाद एक तस्वीर ने फैंस का खास ध्यान खींचा। इसमें एक लाइब्रेरी के अंदर राहुल मोदी किताब पढ़ते हुए नजर आए। हालांकि श्रद्धा ने अपनी पोस्ट में ट्रिप की लोकेशन का खुलासा नहीं किया और न ही राहुल के साथ अपने रिश्ते को लेकर कोई आधिकारिक बयान दिया। श्रद्धा और राहुल मोदी के रिश्ते की खबरें काफी समय से सामने आती रही हैं। दोनों ने अब तक अपने रिलेशनशिप को सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं किया है, लेकिन कई मौकों पर उनकी साथ में मौजूदगी और सोशल मीडिया पोस्ट्स ने फैंस का ध्यान खींचा है। अब श्रद्धा की नई वेकेशन तस्वीर में राहुल की झलक दिखाई देने के बाद एक बार फिर उनके कथित रिश्ते को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। दोनों को इससे पहले भी अलग-अलग मौकों पर साथ देखा जा चुका है। हालांकि श्रद्धा ने हमेशा अपनी निजी जिंदगी को लेकर ज्यादा खुलकर बात करने से परहेज किया है।

## ‘आशिकी’ से रातोंरात बने स्टार, अब शादियों में डांस कर गुजारा कर रहे राहुल रॉय



90 के दशक में अपनी चॉकलेटी इमेज और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस से लाखों दिलों पर राज करने वाले अभिनेता राहुल रॉय एक बार फिर सुर्खियों में हैं।

हाल ही में उनके कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए, जिनमें वह शादी और दूसरे निजी कार्यक्रमों में डांस करते नजर आए। इन वीडियोज को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं, लेकिन अब अभिनेता ने खुद सामने आकर बताया है कि इन कार्यक्रमों में परफॉर्म करना उनके लिए महज मनोरंजन नहीं, बल्कि अपनी जिंदगी और करियर को दोबारा खड़ा करने की कोशिश का हिस्सा है।

# ‘अब डर को पीछे छोड़ने का समय है’, बादशाह से अलग होने के बाद ईशा रिखी ने बताई ‘बिग बॉस 20’ में आने की वजह

मशहूर रैपर बादशाह से अलग होने के बाद अभिनेत्री ईशा रिखी की जिंदगी में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। निजी जिंदगी को हमेशा लोगों की नजरों से दूर रखने वाली ईशा अब ‘बिग बॉस 20’ के घर में अपने बारे में खुलकर बात कर रही हैं। अब वह अपने अतीत को बार-बार याद करने के बजाय खुद पर ध्यान देना चाहती हैं। यही वजह है कि उन्होंने उस शो का हिस्सा बनने का फैसला किया। आईएएनएस से बातचीत में ईशा ने कहा, ‘’मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं ‘बिग बॉस’ का हिस्सा बनूंगी। मैं काफी निजी स्वभाव की रही हूं और मुझे लगा करता था कि शो का माहौल और तरीका मेरी जिंदगी से बिल्कुल अलग है। जब मुझे शो का ऑफर मिला तो मैंने तुरंत हां नहीं की। मैंने काफी सोचा और अपनी उन झिझक पर भी विचार किया, जिसकी वजह से मैं इस शो से दूर रहना चाहती थीं। आखिरकार मैंने तय किया कि अब डर और हिचक को पीछे छोड़ने का समय है और फिर शो में जाने का फैसला किया।’’ ईशा रिखी ने कहा, ‘’जिंदगी में कुछ बड़ा झेलने के बाद ही कई बार इंसान को अपनी असली ताकत का पता चलता है। मुझे भी अब लगता है कि मैं इस शो में खुद को संभाल सकती हूं और यहां टिक सकती हूं। मैंने जितना समय फिल्मी दुनिया में बिताया है, उसे देखते हुए मुझे हमेशा लगता था कि मैं ‘बिग बॉस’ जैसे शो के लिए सही नहीं हूं लेकिन धीरे-धीरे मुझे समझ आया कि अगर इंसान के भीतर आत्मविश्वास है तो जगह मायने नहीं रखती। मैं कहीं भी जाऊं, अपनी पहचान बना सकती हूं।’’ ईशा ने आगे कहा, ‘’यह शो मेरे लिए खुद को लोगों के सामने अपने तरीके से रखने का मौका है। ऑफर मिलने के बाद मेरे मन में यह भी था कि शो के जरिए दर्शकों को पता चल सकेगा कि मैं असल जिंदगी में कैसी हूं और मेरा स्वभाव कैसा है। एक कलाकार के लिए अपनी निजी जिंदगी को निजी रखना आसान नहीं होता। लोगों की राय, चर्चाएं और तरह-तरह की बातें कई बार काम पर भी असर डालती हैं। मैंने हमेशा अपने दिल की सुनी है और कभी किसी दौड़ का हिस्सा बनने की कोशिश नहीं की।’’ निजी जिंदगी से जुड़े सवालों पर भी ईशा ने कहा, ‘’आगे जो भी स्थिति आएगी, मैं उसे उसी समय संभालूंगी। मैं अब ऐसी बातों पर अपनी ज्यादा एनर्जी नहीं लगाना चाहतीं, जिनके बारे में मैं खुद बात नहीं करना चाहतीं। मैं हर किसी को सफाई नहीं दूंगी। जो बातें मैं साझा नहीं करना चाहती, उन्हें अपने तक ही रखूंगी।’’ शो के अंदर होने वाले झगड़ों को लेकर भी ईशा ने कहा, ‘’घर में लड़ाई-झगड़े होना कोई नई बात नहीं है। असल जिंदगी में भी परिवार और दोस्तों के बीच मतभेद होते हैं, लेकिन ‘बिग बॉस’ के घर में यह सब किस स्तर तक जाएगा, इसका अंदाजा मुझे अभी नहीं है।’’ ’बिग बॉस 20’ में ईशा की एंट्री ऐसे समय हुई है, जब उनकी निजी जिंदगी पहले से ही चर्चा में है। बादशाह और ईशा ने हाल ही में आपसी सहमति से अलग होने की जानकारी साझा की थी और दोनों ने लोगों से उनकी निजता का सम्मान करने की अपील की थी। इसके बाद शो में ईशा ने अपने टूटे भरोसे और उस मुश्किल दौर का जिक्र भी किया था, हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। सलमान खान ने भी उनसे पुरानी बातों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने और वर्तमान पर ध्यान देने की सलाह दी। ईशा का फिल्मी सफर पंजाबी सिनेमा से शुरू हुआ था। उन्होंने मॉडलिंग के बाद पंजाबी फिल्मों में काम किया और ‘जट्ट बॉयज पुत्त जट्टां दे’, ‘हैप्पी गो लकी’, ‘मेरे यार कमीने’ और ‘अरदास’ जैसी फिल्मों में नजर आईं। इसके बाद 2018 में ‘नवाबजादे’ से उन्होंने हिंदी फिल्मों में कदम रखा था। ‘बिग बॉस 20’ में ईशा रिखी का सफर अब दर्शकों के लिए इसलिए भी दिलचस्प है,



क्योंकि पहली बार वह अपनी निजी सोच और भावनाओं को इतने खुले अंदाज में सामने रख रही हैं। अब तक अपनी निजी जिंदगी को लेकर कम बोलने वाली ईशा शो के मंच को अपने व्यक्तित्व के एक अलग पहलू को दिखाने के अवसर के रूप में देख रही हैं।

## दीपिका पादुकोण ने शेयर की मैटरनिटी फोटोशूट की तस्वीरें, बेटी संग खेलते दिखे रणवीर, दुआ ने छुपाया चेहरा



बॉलीवुड के स्टार कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द ही अपने दूसरे बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। कपल ने अप्रैल में दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था और अब बेटी दुआ के दूसरे जन्मदिन पर उन्होंने फैंस को जबरदस्त तोहफा दिया है। दीपिका पादुकोण ने अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें बेटी दुआ की झलक भी देखने को मिली। कपल ने पहली बार दिवाली 2025 के मौके पर फैंस को दुआ का चेहरा दिखाया था और अब दुआ के दूसरे जन्मदिन पर फिर रणवीर-दीपिका ने अपनी बेटी का चेहरा दिखाया है और इंटरनेट पर लोगों का दिल जीत लिया है। ये तस्वीरें उनकी बेटी दुआ के दूसरे जन्मदिन के मौके पर आई हैं, जिन्हें देखने के बाद फैंस इस पर रिएक्ट करने से खुद को नहीं रोक पाए। इन ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरों में दीपिका पादुकोण लेसी आउटफिट में खूबसूरती से अपना बेबी बंप दिखाती नजर आ रही हैं और रणवीर के साथ पोज़ दे रही हैं। रणवीर और दीपिका के साथ उनकी बेटी दुआ भी नजर आ रही हैं, जो कभी अपना चेहरा छिपाती दिखीं तो कभी पापा रणवीर के साथ खेलती नजर आईं। इन तस्वीरों में रणवीर-दीपिका की खुशी साफ झलक रही है, क्योंकि जल्दी ही उनकी जिंदगी में एक और खुशी दस्तक देने जा रही है। दोनों अपने दूसरे बच्चे के स्वागत के लिए काफी उत्सुक हैं।

## आशा भोसले का आखिरी फिल्मी गीत सुनकर नम होंगी आंखें, जयंती पर रिलीज हुआ ‘ऐ मेरी जिंदगी’

भारतीय संगीत की दिग्गज गायिका आशा भोसले की जयंती का दिन उनके चाहने वालों के लिए बेहद खास बन गया। इसी अवसर पर उनकी आखिरी फीचर फिल्म के लिए रिकॉर्ड किए गए गीत ‘ऐ मेरी ज़िंदगी, तू छुपी है कहाँ’ को रिलीज किया गया। यह गीत निर्देशक हरीश व्यास की फिल्म ‘ओम का हरि’ का हिस्सा है। फिल्म में रघुबीर यादव, सोनी राजदान और अंशुमन झा अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। गीत के साथ फिल्म का म्यूजिक एल्बम भी लॉन्च किया गया, जिसने इस आयोजन को भावनात्मक और यादगार बना दिया। ‘ओम का हरि’ के म्यूजिक एल्बम की सबसे बड़ी खासियत आशा भोसले की आवाज में रिकॉर्ड किया गया यह गीत है। इसे उनकी फीचर फिल्मों के लिए रिकॉर्ड किए गए आखिरी गानों में शामिल किया जा रहा है। गाने का म्यूजिक वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमें रिकॉर्डिंग के दौरान स्टूडियो में बिताए गए आशा भोसले के कुछ अनमोल पलों को दिखाया गया है। वीडियो के जरिए दर्शकों को यह देखने का मौका मिलेगा कि आशा भोसले ने फिल्म के इस गीत को किस तरह अपनी आवाज दी थी। उनकी आवाज और रिकॉर्डिंग स्टूडियो के इन पलों ने गाने को सिर्फ एक म्यूजिकल रिलीज न रहकर एक यादगार दस्तावेज जैसा बना दिया है।

‘ओम का हरि’ का म्यूजिक एल्बम फिल्म की कहानी के साथ-साथ भारतीय संगीत की अलग-अलग पीढ़ियों की विरासत को भी जोड़ता है। एल्बम में दिवंगत महान गायक किशोर कुमार के बेटे अमित कुमार की आवाज में भी गीत शामिल हैं। इसके अलावा परेश पाहुजा ने भी इस फिल्म के लिए अपनी आवाज दी है। फिल्म के मुख्य कलाकार रघुबीर यादव ने भी एल्बम के लिए दो गाने गाए हैं।



म्यूजिक लॉन्च के दौरान उन्होंने इन दोनों गीतों की लाइव प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को और खास बना दिया।

उनकी परफॉर्मेंस को वहां मौजूद दर्शकों ने खूब सराहा। म्यूजिक लॉन्च के मौके पर अंशुमन झा ने आशा भोसले की संगीत यात्रा और फिल्म से उनके जुड़ाव को लेकर अपनी भावनाएं साझा कीं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में प्लेलिस्ट का चलन आम होने से बहुत पहले ही आशा भोसले अपने आप में एक पूरी प्लेलिस्ट जैसी थीं।

# सार समाचार

## फ्रांस में हुआ देश के पहले पारंपरिक हिंदू मंदिर का भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न



पेरिस/बुसी-सेंट-जॉर्जेस। फ्रांस की राजधानी पेरिस में देश के पहले पारंपरिक हिंदू मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हुआ। इसके साथ ही यह मंदिर अब सभी दर्शनार्थियों और श्रद्धालुओं के लिए खुल गया है। इस अवसर पर यूरोप, आस्ट्रेलिया, अमेरिका, अफ्रीका और एशिया से पधारे संतों-भक्तों के साथ ही विश्व के अनेक गणमान्य अतिथियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। प्रातः वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बीएपीएस अक्षरधाम संस्थान के वर्तमान गुरु परम पूज्य महंतस्वामी महाराज के करकमलों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव विधि संपन्न हुई। गौरतलब है कि इस मंदिर का निर्माण प्राचीन भारतीय वास्तुकला और वैदिक शिल्पशास्त्र के आधार पर किया गया है, जिसमें फ्रांसीसी आधुनिक तकनीक का भी सुंदर सम्मिश्रण देखने को मिलता है। आपको बता दें कि 13 दिनों तक चलने वाले इस मंदिर महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए भारत, अमेरिका, कनाडा, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, और इंग्लैंड समेत 40 से भी अधिक देशों से लोग पधारे हैं। प्रातः काल वरिष्ठ संतों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महापूजा विधि का प्रारंभ किया, जिसमें श्री अक्षरपुरुषोत्तम महाराज, श्री घनश्याम महाराज, श्री राधा-कृष्ण भगवान, श्री सीता-राम भगवान संग श्री लक्ष्मण जी एवं श्री हनुमान जी महाराज, श्री पार्वती-शंकर भगवान संग श्री कार्तिकेय जी एवं श्री गणेश जी महाराज, श्री पद्मावती वेंकटेश्वर भगवान, श्री अय्यप्पा स्वामी जी, श्री नीलकंठवर्णी महाराज (भगवान स्वामिनारायण का स्वररूप) और गुरु परंपरा की मूर्तियों की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई।

## पाकिस्तान में बढ़ा असंतोष, सेना और नेताओं के बीच बन रही टकराव की स्थिति



पाकिस्तान। पाकिस्तान के बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा (केपी) और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में हालात लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। इन समस्याओं का कोई स्पष्ट समाधान नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में राजनीतिक वर्ग के भीतर असंतोष बढ़ता दिखाई दे रहा है और अब नेता सेना की ओर से लिए जा रहे फैसलों पर सवाल उठाने लगे हैं। एक अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान राजनीतिक वर्ग और सेना के बीच बड़े टकराव की स्थिति बन रही है। हालांकि फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने सख्त नियंत्रण के जरिए हालात पर काबू बनाए रखा है, लेकिन अब राजनीतिक वर्ग का धैर्य जवाब देता दिख रहा है। वे बलूचिस्तान, पीओके और केपी जैसे इलाकों में हो रही हिंसा की संतोषजनक व्याख्या नहीं कर पा रहे हैं।

## रूस से भारत का ऊर्जा आयात रिकॉर्ड स्तर पर, हर महीने बन रहा नया कीर्तिमान- क्रेमलिन प्रवक्ता



मॉस्को। रूस ने मंगलवार को कहा कि भारत द्वारा रूसी ऊर्जा आयात में किसी प्रकार की कमी नहीं आई है और दोनों देशों के बीच ऊर्जा व्यापार लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने भारतीय पत्रकारों के साथ वर्चुअल बातचीत में यह जानकारी दी। यह संवाद इस सप्ताह नई दिल्ली में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले हुआ। पेस्कोव ने कहा कि सुरक्षा कारणों से वह सटीक आंकड़े साझा नहीं करना चाहते, लेकिन भारत को होने वाले रूसी ऊर्जा निर्यात में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा, "मैं समझने योग्य कारणों से कोई संख्या नहीं बताना चाहता, लेकिन लगभग हर महीने हम एक नया रिकॉर्ड देख रहे हैं।" भारत और रूस के बीच व्यापार में लंबे समय से चर्चा का विषय रहे रुपया भुगतान संतुलन के मुद्दे पर भी पेस्कोव ने सकारात्मक संकेत दिए। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार में जमा हुई रुपए की राशि से जुड़ी समस्याओं का समाधान धीरे-धीरे किया जा रहा है और दोनों देश इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। क्रेमलिन प्रवक्ता ने बताया कि भारत और रूस दुर्लभ मृदा खनिजों (रेयर अर्थ्स) की खोज और विकास के क्षेत्र में सहयोग को लेकर बातचीत कर रहे हैं। इसके अलावा, रूस के अत्याधुनिक सुखोई एसयू-57 स्टेल्थ लड़ाकू विमान की संभावित बिक्री का मुद्दा भी दोनों देशों के बीच चर्चा के एजेंडे में शामिल है। पेस्कोव ने ब्रिक्स देशों द्वारा राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने के प्रयासों पर भी टिप्पणी की।

# अमेरिका ने ईरान के 5 तेल टैंकरों को किया तबाह, IRGC के हमलों के जवाब में की कार्रवाई




अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। अमेरिकी सेना ने दावा किया है कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) द्वारा अमेरिकी नौसैनिक पोत को दो बार बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाए जाने के जवाब में अमेरिका ने ईरान के पांच कच्चे तेल के टैंकरों को नष्ट कर दिया। अमेरिका की ओर से यह कार्रवाई तब की गई, जब ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने पिछले दो दिनों में दो बार एक अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत को बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाने की कोशिश की। अमेरिकी सेंट्रल कमांड CENTCOM के अनुसार, अमेरिकी युद्धपोत ने दोनों मिसाइल हमलों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया और क्षेत्रीय जलक्षेत्र में अपना अभियान जारी रखा। इस घटना में किसी भी अमेरिकी सैनिक को चोट नहीं आई। CENTCOM ने बताया कि अमेरिकी बलों ने IRGC के कथित तेल तस्करी नेटवर्क से जुड़े पांच जहाजों को निशाना बनाया। इनमें M/T Kaviz, M/T Charminar, M/T Horizon 1 और M/T Riesco शामिल हैं, जिन्हें ओमान की खाड़ी में निशाना बनाया गया। वहीं, M/T Derya पर ईरान के खार्ग द्वीप के पास कार्रवाई की गई। अमेरिकी सेना के अनुसार, हमले से पहले जहाजों के चालक दल को उन्हें खाली करने का आदेश दिया गया था। इसके बाद हमले कर टैंकरों को संचालन के लिहाज से निष्क्रिय कर दिया गया। CENTCOM ने ईरान पर अरबों डॉलर के कथित "शैडो फ्लीट" नेटवर्क के जरिए IRGC और उसके क्षेत्रीय सहयोगी समूहों को आर्थिक मदद पहुंचाने का आरोप लगाया है। अमेरिकी कमांड के मुताबिक, इन टैंकरों का इस्तेमाल तेल की अवैध ढुलाई और उससे मिलने वाले राजस्व को IRGC तक पहुंचाने के लिए किया जाता है। अमेरिका की यह कार्रवाई पहली नहीं है। CENTCOM ने कहा कि 5 सितंबर को भी अमेरिकी बलों ने तीन ईरानी कच्चे तेल के टैंकरों को नष्ट किया था।

# ब्रिटेन में एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में आई तकनीकी खामी, करीब 300 उड़ानें रद्द




ब्रिटेन की हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली (Air Traffic Control System) में तकनीकी गड़बड़ी के चलते मंगलवार को हवाई सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं। इस तकनीकी समस्या के कारण करीब 300 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24 ने यह जानकारी दी है। ब्रिटेन की राष्ट्रीय हवाई यातायात सेवा (NATS) ने मंगलवार दोपहर तकनीकी समस्या की पुष्टि करते हुए बताया कि उसके इंजीनियर गड़बड़ी को दूर करने के लिए काम कर रहे हैं। NATS के मुताबिक, तकनीकी खामी का असर मुख्य रूप से उड़ानों के प्रस्थान पर पड़ा है। NATS ने कहा कि तकनीकी समस्या को ठीक करने के लिए काम जारी है, लेकिन हवाई यातायात व्यवस्था को पूरी तरह सामान्य होने में कुछ समय लग सकता है। इसके चलते यात्रियों को उड़ानों में देरी और रद्द होने जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ा। फ्लाइटरडार24 के अनुसार, तकनीकी गड़बड़ी का असर कई विमानन कंपनियों की उड़ानों पर पड़ा। इनमें ब्रिटिश एयरवेज और ईजीजेट समेत कई एयरलाइंस शामिल हैं। अचानक आई इस तकनीकी समस्या के कारण ब्रिटेन के हवाई अड्डों पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। NATS की तकनीकी टीम सिस्टम को जल्द से जल्द सामान्य करने में जुटी हुई है। कुछ यात्रियों ने सोशल मीडिया पर शिकायत दर्ज कराई कि उन्हें उड़ान रद्द होने से पहले घंटों तक रनवे पर फंसे रहना पड़ा। कई लोगों ने एयरलाइनों की ओर से संचार की कमी पर निराशा व्यक्त की है। प्रभावित हवाई अड्डों में लंदन के स्टैनस्टेड और सिटी हवाई अड्डे, साथ ही मैनचेस्टर, बर्मिंघम, गैटविक और स्कॉटलैंड के हवाई अड्डे शामिल थे।

# पूर्वी चीन के जियांग्शी में भूस्खलन ने मचाई तबाही, प्रभावित गांव में 12 लोगों की मौत की हुई पुष्टि



नानचांग (जियांग्शी)। पूर्वी चीन के जियांग्शी प्रांत में भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है। मिंगकेंग गांव में हुए हादसे में अब तक 12 लोगों की जान चली गई है, जबकि एक व्यक्ति अभी भी लापता है। बचावकर्मियों के मुताबिक, मंगलवार शाम 6 बजे तक का यह आंकड़ा है और लापता व्यक्ति की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। कई दिनों तक मूसलाधार बारिश के बाद, इसी प्रांत के जुओआन टाउनशिप और तांगहू टाउनशिप में भूस्खलन के बाद एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई और दो अन्य के लापता होने की सूचना मिली। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ ने बताया कि तलाशी और बचाव अभियान, सड़क सुदृढ़ीकरण और द्वितीयक आपदाओं की रोकथाम के कार्य जारी हैं। शनिवार को पूर्वी चीन के जियांग्शी प्रांत के सुइचुआन प्रांत में मिट्टी के धंसने और भूस्खलन की एक श्रृंखला के बाद रविवार को चार लोगों की मौत की पुष्टि हुई थी। घटनास्थल पर मौजूद मीडिया के अनुसार, गाओपिंग टाउन के मिंगकेंग गांव में शनिवार को भूस्खलन के कारण रविवार दोपहर तक तीन लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य लापता हो गए। उसी प्रांत में, शनिवार को जुओआन टाउन के यांगफेन गांव में भूस्खलन के बाद दो लोगों के लापता होने की सूचना मिली थी और स्थानीय सरकार के अनुसार, उनमें से एक रविवार दोपहर को मृत पाया गया। तलाशी और बचाव अभियान जारी है। भूस्खलन के कारण मुख्य सड़क पूरी तरह ध्वस्त हो गई है, जिससे बचाव अभियान में काफी दिक्कतें आ रही हैं। चाइना एननेंग के बचावकर्मी वान कियांग ने बताया कि टूटी सड़क की वजह से राहत टीमें आसानी से प्रभावित इलाके तक नहीं पहुंच पा रही हैं। गाओपिंग टाउन के उप-प्रमुख लियांग कुआन ने बताया कि मिंगकेंग गांव के लगभग 200 निवासियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है, जहां उन्हें भोजन और चिकित्सा सेवाएं मिल रही हैं। आस-पास के इलाकों में संभावित आपदाओं से बचने के लिए 5,300 से अधिक लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। तूफान साओडेल के कारण कई दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश के बाद प्रांत में 1,61,500 निवासी प्रभावित हुए हैं। चीन के प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय ने शनिवार सुबह 11 बजे जियांग्शी के लिए अपनी भूवैज्ञानिक आपदा प्रतिक्रिया को लेवल-IV से लेवल-III कर दिया और बचाव प्रयासों का मार्गदर्शन करने के लिए टीमों को मौके पर भेजा है।

# ईरान 'हमलावरों' को पछतावा महसूस कराने तक जारी रखेगा विरोध



तेहरान। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने मंगलवार को कहा कि जब तक आक्रमणकारियों को पूरी तरह से पछतावा नहीं हो जाता, तब तक देश अपनी ताकत के साथ अपना प्रतिरोध जारी रखेगा। ईरानी विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर युद्ध को लेकर ईरान के विरोध पर भी प्रकाश डाला। पेजेश्कियन ने कहा, "इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान हमेशा से युद्ध के खिलाफ रहा है और लोगों के हितों की रक्षा और (पश्चिम एशिया) क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने को युद्ध से दूर रहने में मानता है।" न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने कहा, "हालांकि, जिस तरह इसने आज तक आक्रामकता के खिलाफ बचाव के लिए साहसपूर्वक कदम उठाया है, ईरान इस प्रतिरोध को तब तक ताकत के साथ जारी रखेगा जब तक कि आक्रमणकारियों को पूरी तरह से पछतावा नहीं हो जाता, और महान ईरानी लोगों के अधिकारों का संरक्षक बना रहेगा।"

इराकी विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, इराकी विदेश मंत्री फुआद हुसैन ने सोमवार को काहिरा में अरब लीग के महासचिव नबील फहमी से क्षेत्रीय सुरक्षा तनाव और होर्मुज स्ट्रेट में नौवहन व्यवधानों पर चर्चा करने के लिए मुलाकात की। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने होर्मुज स्ट्रेट में नौवहन में व्यवधान के कारण अरब देशों, विशेष रूप से इराक पर संभावित आर्थिक प्रभावों की समीक्षा की और वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति के लिए इसके महत्व पर जोर दिया। हुसैन ने तेहरान और वाशिंगटन के बीच तनाव कम करने के लिए संवाद के रास्ते खोलने के महत्व पर जोर दिया और कहा कि अरब लीग इसमें सकारात्मक भूमिका निभा सकती है।

बयान में कहा गया है कि फहमी ने संकटों से निपटने के लिए शांत कूटनीति और बातचीत पर जोर दिया और क्षेत्रीय तनाव को कम करने के प्रयासों का समर्थन करने की तत्परता व्यक्त की। यह बैठक मंत्रिस्तरीय अरब लीग परिषद के नियमित सत्र के दौरान हुई।

# बलूचिस्तान में हमारे हाथों मारे गए 52 पाकिस्तानी सैनिक: बीएलए

क्वेटा। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने दावा किया है कि पिछले एक हफ्ते में पाकिस्तानी आर्मी को उसने भारी नुकसान पहुंचाया है। उसके मुताबिक, बलूचिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में किए गए कुल 28 हमलों में पाकिस्तान के कई सैनिक मारे गए और बड़ी तादाद में घायल भी हुए। एक बयान जारी कर बीएलए ने कहा कि 1 से 7 सितंबर के बीच पूरे प्रांत में ऑपरेशन चलाए गए, जिससे पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान हुआ और इंफ्रास्ट्रक्चर को भी क्षति पहुंची। ग्रुप ने यह भी दावा किया कि बीएलए लड़ाकों ने कई चेकपोस्ट और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के वाहनों पर कब्जा कर भारी मात्रा में हथियार और सैन्य उपकरण जब्त किए। इससे पहले, बीएलए के सशस्त्र लड़ाकों ने 7 सितंबर को क्वेटा के हजार गंजि इलाके में रहमत सईद की गोली मारकर हत्या कर दी, जिसे ग्रुप ने पाकिस्तानी मिलिट्री इंटेलिजेंस (एमआई) का "एजेंट" बताया। ग्रुप ने कहा कि वह उसके इंटेलिजेंस विंग, 'जिराब' की लगातार निगरानी में था। बीएलए ने कहा, "सहयोगी बनकर रहमत दुश्मन सेना के लिए जासूसी करता था और क्षेत्रीय हमलों के दौरान उनके साथ रहता था।" उसी दिन, ग्रुप ने दावा किया कि खारन के अल्बाट में पाकिस्तानी सेना के मुख्य कैंप पर स्नाइपर हमले में एक सुरक्षाकर्मी मारा गया। उसने यह भी कहा कि बाद में कैंप को मोर्टार शेल से निशाना बनाया गया, जिससे सुरक्षा बलों को भारी नुकसान हुआ और संपत्ति की क्षति हुई। इस हमले में कंप्यूटर, अन्य उपकरण और बाकी इमारत को आग लगा दी गई।

# एफिल टॉवर विवाद पर बीएपीएस ने मांगी माफी, कहा- किसी को प्रवेश से नहीं रोका गया

पेरिस। पेरिस स्थित बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) हिंदू मंदिर ने स्पष्ट किया है कि एफिल टॉवर पर मंदिर के प्रतिनिधिमंडल की निजी यात्रा स्मारक प्रबंधन के साथ मिलकर तय की गई थी। इसे आम खुलने के समय के ठीक पहले रखा गया था ताकि दूसरे पर्यटकों को कम से कम असुविधा हो। बीएपीएस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जारी एक बयान में कहा कि किसी भी व्यक्ति को एफिल टॉवर में प्रवेश से नहीं रोका गया था। बीएपीएस ने उन लोगों से माफी भी मांगी जिन्हें इस घटना से कोई ठेस पहुंची हो या असुविधा हुई हो। यह स्पष्टीकरण एफिल टॉवर के कर्मचारियों की हड़ताल के बाद आया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया था कि प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के दौरान महिला कर्मचारियों को परिसर से हटाया गया था।यह विवाद पिछले सप्ताह बीएपीएस से जुड़े लगभग 100 लोगों के एक निजी दौरे से जुड़ा था, जो पेरिस के बाहरी इलाके में एक मंदिर के उद्घाटन समारोह के लिए फ्रांस आए थे। मंदिर की ओर से जारी बयान में कहा गया, "हम उठाई गई चिंताओं का सम्मान करते हैं और उन्हें बहुत गंभीरता से लेते हैं।

हमारे प्रतिनिधिमंडल का आकार बड़ा था, इसलिए इस यात्रा की व्यवस्था एफिल टॉवर प्रबंधन के सहयोग से सामान्य समय पर खुलने के ठीक शुरुआत में की गई थी, ताकि अन्य लोगों को कोई असुविधा या व्यवधान न हो। हमारी जानकारी के अनुसार, किसी भी समय किसी को एफिल टॉवर में प्रवेश से नहीं रोका गया। हम आपसी सम्मान और सेवा जैसे सार्वभौमिक मूल्यों में विश्वास रखते हैं।"

# अमेरिकी शांति दूतों के जाते ही टूटा युद्धविराम; रूस ने यूक्रेन पर फिर शुरू किए हमले, दो की मौत



कीव। रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिकी शांति दूतों की बातचीत का भी कोई असर नहीं दिखाई दिया। दोनों देशों की ओर से तीन दिन तक युद्धविराम पर बनी सहमति कुछ ही घंटों में धराशाई हो गई। सोमवार रात ही रूस ने राजधानी कीव और कई अन्य इलाकों पर बड़े पैमाने हमले किए। इन हमलों में दो लोगों की मौत हो गई जबकि दस लोग घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि कीव और इस इलाके के साथ-साथ कई दूसरे इलाकों में भी, रूसी हमले के बाद के हालात से निपटने के लिए रात से ही काम चल रहा है। यह एक बड़ा ही घातक हमला था, जिसे रूसियों ने जानबूझकर ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचाने के इरादे से किया।

रूसियों ने बैलिस्टिक मिसाइलें, क्रूज और एंटी-शिप मिसाइलें, जेट से चलने वाली 'शाहेड्स' का इस्तेमाल किया।

यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट पर रूस की इस आक्रामक कार्रवाई की जानकारी साझा की। मंत्रालय ने पोस्ट में लिखा, अमेरिकी राष्ट्रपति के शांति दूतों के कीव से रवाना होने के कुछ ही घंटों बाद रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव और देश के कई अन्य इलाकों पर एक बार फिर बड़े पैमाने पर हमला कर दिया। कीव में हुए इन हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि कम से कम दस अन्य लोग घायल हुए हैं।

हमलों से राजधानी में रिहायशी इमारतों और अन्य नागरिक ढांचे को काफी नुकसान पहुंचा है।'' मंत्रालय ने बताया कि कीव क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। वहीं, ओडेसा क्षेत्र में रूस ने एक सामान्य बाजार पर हमला किया।

# 'कंबल ओढ़कर पसीना बहाओ' बुखार उतर जाएगा, डॉक्टर से जानते हैं इसमें कितनी सच्चाई है?



बुखार आने पर दवा खाने के बाद तेज पसीना आता है, जिसके बाद शरीर ठंडा हो जाता है और शरीर का तापमान नॉर्मल हो जाता है। ऐसे में बहुत सारे लोगों को लगता है कि पसीना आने से टेंपरेचर कम होता है। इसके लिए लोग कई बार बिना दवा खाए सिर्फ पसीना लाने के लिए कंबल ओढ़कर सो जाते हैं। उन्हें लगता है कि गर्मी लगने और पसीना आने से बुखार कम हो जाएगा। पसीना में शरीर का संक्रमण बह जाएगा। लेकिन क्या वाकई ऐसा होता है। क्या बुखार में ये तरीका सही है। आइये डॉक्टर से जानते हैं। दिल्ली के पीएसआरआई अस्पताल में पल्मोनरी, क्रिटिकल केयर और स्लीप मेडिसिन की वरिष्ठ सलाहकार डॉक्टर नीतू जैन के मुताबिक, जानबूझकर पसीना बहाना शरीर के संक्रमण से लड़ने का सही तरीका नहीं है। बुखार आने पर शरीर का तापमान पहले से ही बढ़ा हुआ होता है। ऐसे में ज्यादा कपड़े पहने और कंबल ओढ़कर सोने से पसीना लाने से बुखार या इंफेक्शन जल्दी ठीक नहीं होता है। डॉक्टर जैन के मुताबिक ज्यादा पसीना आना आपकी तबीयत और खराब कर सकता है। बुखार की वजह से शरीर में पानी की कमी हो सकती है और जानबूझकर पसीना बहाने से डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ सकता है। इससे कमजोरी, चक्कर आना, थकान और असहज महसूस हो सकता है। ज्यादा गर्मी से शरीर का तापमान और भी बढ़ सकता है। हालांकि बुखार के दौरान पसीना आना स्वाभाविक है, लेकिन जानबूझकर पसीना लाने की कोशिश करना शरीर के अंदर पनप रहे संक्रमण का इलाज नहीं है। बुखार को पसीने से कम करना भले ही आपको अजीब लगे लेकिन इसके पीछे की वजह है कि बुखार कम होने पर आपको पसीना आने लगता है। डॉक्टर जैन के अनुसार, यह आमतौर पर शरीर का सामान्य तापमान पर लौटने के कोशिश में गर्मी छोड़ने का प्राकृतिक तरीका अपनाता है। इसका यह मतलब नहीं है कि संक्रमण पसीने के साथ बाहर निकल रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो पसीना आना इस बात का संकेत हो सकता है कि बुखार कम हो रहा है, लेकिन जानबूझकर पसीना बहाने से यह प्रक्रिया तेज नहीं होगी। शरीर का तापमान और बढ़ाने की कोशिश करने के बजाय आपको भरपूर आराम करना चाहिए।

# आप भी बचा हुआ खाना फ्रिज में रखते हैं?

जब भी खाना बच जाता है तो इस्तेमाल के लिए लोग इसे फ्रिज में रख देते हैं। इतना ही नहीं, कई बार तैयार खाद्य पदार्थों को भी लंबे समय तक खराब होने से बचाने के लिए फ्रिज में स्टोर किया जाता है। हालांकि, जरूरी नहीं है कि फ्रिज में रखने से खाना खराब नहीं होगा। ऐसे में आयुर्वेदिक हेल्थ कोच डिंपल जांगड़ा तीन ऐसे संकेत बता रही हैं जिसके अनुसार फ्रिज में रखा फूड खराब हो गया है। दाल-सब्जी का चिपचिपा या लिसलिसा टेक्सचरः अगर कटी हुई सब्जियों, पत्तेदार साग या पकी हुई दाल-सब्जी के ऊपर चमकदार या चिपचिपी परत दिखाई देने लगे, तो इसे नजरअंदाज न करें। यह असल में बैक्टीरिया का संकेत हो सकता है। यानी खाने में माइक्रोब्स के बढ़ने के कारण खाना खराब होना शुरू हो गया है। इसे खाने से उल्टी, दस्त और पेट में सूजन हो सकती है। यह भारी और सड़ा हुआ होता है और आपकी पाचन शक्ति को कमजोर करता है। इसलिए खाने की सतह पर इस तरह का बदलाव दिखे तो उसे खाने से बचना बेहतर है। फफूंद या रंग बदलनाः अगर किसी सब्जी, दाल या खाने वाली चीज में फफूंद लग गयी है तो उसे पूरी तरह से फेंक दें, सिर्फ फफूंद वाला हिस्सा न काटें। जो आपको दिखता है, वह सिर्फ ऊपरी सतह होती है। दरअसल, फफूंद नरम खाने में जड़ जैसे धागे गहराई तक फैला देती है और माइकोटॉक्सिन और एफ्लाटॉक्सिन छोड़ती है, जो दिखाई देने वाले हिस्से से कहीं ज्यादा फैल जाते हैं। ये लिवर और किडनी को नुकसान पहुंचा सकते हैं। तो उसे जल्दी ठंडा करें, 2-3 दिन से ज्यादा न रखें और दोबारा गर्म करते समय अच्छी तरह गर्म करें।

# आपका Heart Rate नॉर्मल है या नहीं? डॉक्टर ने बताया बिना मशीन घर बैठे चेक करने का आसान तरीका



हार्ट हमारे शरीर का सबसे जरूरी अंग है। यह पूरे शरीर में लगातार खून और ऑक्सीजन पहुँचाकर हमें जीवित रखता है। लेकिन अगर यह तेज या धीमी चल रहा है तो शरीर में किसी परेशानी की ओर इशारा कर सकती है। ऐसे में दिल की सेहत अच्छी है या बुरी यह जानने के लिए आपको बाहर जाने की जरूरत नहीं है। आप घर बैठे ही यह पता लगा सकते हैं कि आपका हार्ट रेट नॉर्मल है या नहीं। साओल हार्ट सेंटर के संस्थापक और एमबीबीएस, एमडी डॉ. बिमल छाजेर ने अपने यूट्यूब वीडियो में बताया कि घर बैठे आप कैसे पता कर सकते हैं कि हार्ट रेट नार्मल है या नहीं? एक स्वस्थ वयस्क व्यक्ति की सामान्य विश्राम की स्थिति में हार्ट बीट 60 से 80 बीट्स प्रति मिनट (BPM) के बीच होनी चाहिए। खिलाड़ियों या अधिक फिट लोगों में यह 40 से 60 BPM तक भी हो सकती है, जो सामान्य है। डॉ. बिमल छाजेर के मुताबिक़, नॉर्मल हार्ट रेट 60 से 80 के बीच होनी चाहिए। हार्ट बीट नार्मल है या नहीं यह पता करने के लिए आप कलाई का इस्तेमाल करें। आप जहां घड़ी बांधते हैं वहां इंडेक्स और मिडल फिंगर को रखें और फिर एक सेंटीमीटर अंगूठे वाले हिस्से की तरफ स्लिप करिए। वहां आपका पल्स होता है अब उसे हलके से दबाएं और एक मिनट तक दबाकर रखें। अगर एक मिनट में 60 से 80 बीट्स आ रही है तो इसका मतलब है कि आपका हार्ट रेट नार्मल है। डॉक्टर बिमल छाजेर के मुताबिक, एक्सरसाइज के तुरंत बाद पल्स रेट चेक करने पर वह बढ़ा हो सकता है। इसके अलावा ज्यादा तनाव लेने, बुखार होने या बहुत अधिक कैफीन का सेवन करने जैसी स्थितियों में पल्स रेट बढ़ सकता है। इसलिए इन परिस्थितियों में हार्ट रेट सामान्य से कुछ ज्यादा होना जरूरी नहीं कि किसी बीमारी का संकेत हो। लेकिन अगर ऐसी कोई स्थिति नहीं है उसके बाद भी आपका हार्ट रेट 100 से ऊपर जाए तब आपको सावधान हो जाना चाहिए। इसके अलावा, इन टिप्स को फॉलो कर आप अपने दिल को लंबे समय तक स्वस्थ रख सकते हैं। ज्यादा नमक, चीनी और अस्वास्थ्यकर वसा वाले खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित करें और भोजन में फल, सब्जियां, साबुत अनाज और पर्याप्त प्रोटीन को शामिल करें।

# बर्तन मांजने वाले स्पंज में होते हैं टॉयलेट से भी ज्यादा बैक्टीरिया, फूड सेफ्टी ऑफिसर ने बताया कैसे करें साफ और कब बदल दें?



हम अपने घरों में जूठे बर्तनों को साफ करने के लिए स्पंज का इस्तेमाल करते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं यही स्पंज आपके बीमार पड़ने की वजह भी हो सकता है। कतर में रहने वाली फूड सेफ्टी ऑफिसर अहाना नजर हाफिज ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करके किचन स्पंज की साफ सफाई और उसे समय समय पर बदलने की जरूरत के बारे में चेतावनी दी है। उनके मुताबिक, किचन स्पंज की छिद्रों वाली बनावट के कारण उसमें खाने के कण आसानी से फंस जाते हैं जिससे उसमें टॉयलेट सीट से भी ज्यादा बैक्टीरिया पनप सकते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं किचन स्पंज को कितने दिन में बदल देना चाहिए और इसका इसका इस्तेमाल करते समय किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है। फूड सेफ्टी ऑफिसर ने इंस्टाग्राम रील पोस्ट करते हुए लिखा, "किचन स्पंज देखने में साफ लग सकता है, लेकिन असल में यह घर की सबसे ज्यादा बैक्टीरिया वाली चीजों में से एक है। अगर इसे ठीक से साफ न किया जाए, तो यह बैक्टीरिया को हटाने के बजाय उन्हें फैला सकता है। फूड सेफ्टी ऑफिसर के मुताबिक, ऐसे में इस जोखिम कम करने के लिए स्पंज को हर बारे इस्तेमाल करने के बाद अच्छी तरह धोएं। स्पंज में से एक्स्ट्रा पानी निचोड़ दें और अच्छी तरह सूखने दें। साथ ही इसे गर्म पानी में भिगोकर बैक्टीरिया -मुक्त करें। फूड सेफ्टी ऑफिसर कहती हैं कि किचन स्पंज को गर्म पानी में उबालने से बैक्टीरिया फ्री करने से मदद मिल सकती है, लेकिन ये उपाय इसे बार-बार बदलने की जरूरत को खत्म नहीं करते। इसलिए वह सलाह देती हैं कि बर्तनों पर से बैक्टीरिया फैलने से रोकने के लिए स्पंज को हर हफ़्ते बदलें। वो कहती हैं, ''अपने स्पंज को कम से कम हफ़्ते में एक बार बदलें। किचन स्पंज आपके किचन की सबसे सस्ती चीजों में से एक है। इन्हें थोक में खरीदें और हफ़्तों या महीनों तक एक ही स्पंज का इस्तेमाल करने के बजाय नियमित रूप से बदलें। किचन स्पंज का इस्तेमाल हर काम के लिए करने से भी बचना चाहिए। बर्तन साफ करने वाले स्पंज से सिंक, फर्श या अन्य गंदी सतहों की सफाई करने पर बैक्टीरिया एक जगह से दूसरी जगह फैल सकते हैं।

# ये 5 आयुर्वेदिक हर्ब्स आपकी सेहत के लिए हो सकते हैं फायदेमंद, जानें आमलकी से लेकर ब्राह्मी तक के फायदे

आयुर्वेद में कई जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल लंबे समय से स्वास्थ्य को सपोर्ट करने के लिए किया जाता रहा है। पाचन से लेकर इम्यूनिटी और मानसिक स्वास्थ्य तक, अलग-अलग आयुर्वेदिक हर्ब्स का पारंपरिक रूप से अलग-अलग उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाता है। सर्टिफाइड न्यूट्रिशनिस्ट और डायटीशियन किरण कुकरेजा ने ऐसे 5 आयुर्वेदिक हर्ब्स के बारे में बता रही हैं जिन्हें स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है। आमलकीः आमलकी यानी आंवला को आयुर्वेद में काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। आमलकी रसायन का इस्तेमाल इम्यूनिटी को सपोर्ट करने के लिए किया जाता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व त्वचा की सेहत को बनाए रखने में भी मदद कर सकते हैं। तो अगर आप रोजाना आंवला का सेवन नहीं कर पाते हैं तो अपनी डाइट में आमलकी पाउडर का इस्तेमाल कर सकते हैं। सितोपलादीः सितोपलादी चूर्ण का इस्तेमाल आयुर्वेद में खांसी, सर्दी और गले से जुड़ी समस्याओं के लिए किया जाता है। गले में जलन या असहजता महसूस होने पर भी लोग इसका इस्तेमाल करते हैं। इतना ही नहीं यह पाउडर पाचन क्षमता को भी बेहतर करता है। त्रिफलाः त्रिफला आयुर्वेद में इस्तेमाल होने वाला एक बेहद ही लोकप्रिय हर्ब है। बता दें, त्रिफला को तीन चीजों आंवला, हरड़ और बहेड़ा से मिलाकर तैयार किया जाता है। इसका इस्तेमाल पाचन स्वास्थ्य को सपोर्ट करने के लिए किया जाता है। कब्ज या पेट साफ न होने की समस्या में भी कुछ लोग त्रिफला का सेवन करते हैं।

# जिम में एक्सरसाइज करते वक्त क्यों आता है हार्ट अटैक, वर्कआउट के दौरान दिखने वाले इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

जिम जाना और नियमित एक्सरसाइज करना दिल की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। लेकिन कई बार जिम में एक्सरसाइज करते हुए किसी व्यक्ति के अचानक गिरने या हार्ट अटैक की खबर सामने आती है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या जिम में ज्यादा एक्सरसाइज करने से हार्ट अटैक हो सकता है? डॉक्टर समीर गुप्ता (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, ग्रुप हेड, कैथ लैब्स, डायरेक्टर, मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स) के मुताबिक, इसका जवाब सीधा हां या ना नहीं है। व्यायाम अपने आप में हार्ट अटैक का कारण नहीं है। बल्कि नियमित शारीरिक गतिविधि लंबे समय में हार्ट की बीमारियों के खतरे को कम करती है। लेकिन जिन लोगों के शरीर में पहले से कोरोनरी आर्टरी में ब्लॉकेज, दिल की कोई बीमारी या दूसरे जोखिम कारक मौजूद हैं, उनमें अचानक बहुत ज्यादा या बेहद तेज एक्सरसाइज कभी-कभी कार्डियक इवेंट को ट्रिगर कर सकती है। वर्कआउट के दौरान दिल की धड़कन तेज होती है और शरीर को ज्यादा ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है। अगर किसी व्यक्ति की कोरोनरी आर्टरीज में पहले से प्लाक जमा है और उसे इसकी जानकारी नहीं है, तो बहुत ज्यादा शारीरिक तनाव कुछ परिस्थितियों में प्लाक के टूटने और खून का थक्का बनने का कारण बन सकता है। इससे दिल की नस अचानक बंद हो सकती है और हार्ट अटैक हो सकता है। खास तौर पर ऐसे लोग जो लंबे समय से शारीरिक रूप से एक्टिव नहीं हैं और अचानक भारी वजन उठाने या हाई-इंटेंसिटी वर्कआउट शुरू कर देते हैं, उन्हें सावधानी बरतनी चाहिए।

# पीठ की अकड़न और कब्ज से हैं परेशान, सुप्त मत्स्येंद्रासन है रामबाण उपाय



दफ्तर में घंटों बैठकर काम करने और शारीरिक गतिविधि कम होने की वजह से कमर दर्द, कब्ज और पीठ में अकड़न की समस्या आम हो गई हैं। इन शारीरिक समस्याओं से निजात पाने के व्यक्ति योग का सहारा ले सकता है। सही खानपान और योग से शरीर को कई तरह के लाभ मिलते हैं। योग के इन्हीं आसनों में 'सुप्त मत्स्येंद्रासन' बेहद लाभदायक है, जो न सिर्फ कमर दर्द और जकड़न दूर करता है बल्कि मन को शांति मिलती है। सुप्त मत्स्येंद्रासन को अंग्रेजी में सुपाइन स्पाइनल ट्विस्ट या रिक्लाइंड ट्विस्ट कहा जाता है। यह आसन संस्कृत के तीन शब्दों से मिलकर बना है, सुप्त (लेटना), मत्स्येंद्र (पौराणिक योगी मत्स्येंद्रनाथ) और आसन (मुद्रा)। यह अर्ध मत्स्येंद्रासन का लेटा हुआ, पुनर्स्थापनात्मक रूप है, जो निष्क्रिय, गुरुत्वाकर्षण-सहायता प्राप्त स्थिति में रीढ़ की हड्डी के घुमाव के समान आवश्यक लाभ प्रदान करता है और इसके लिए किसी बल की आवश्यकता नहीं होती है। यह आसन योग की शास्त्रीय परंपरा में गहराई से जुड़ा हुआ है, जिससे विश्राम, स्थिरता और रीढ़ की हड्डी में हल्का तनाव कम होता है। केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय ने इस आसन को रीढ़ की हड्डी के लचीलेपन, पीठ दर्द से राहत और पाचन तंत्र को सुधारने के लिए एक उत्कृष्ट अभ्यास माना है।

# 18 सितंबर को आ सकता है NSE का IPO, जानिए दलाल स्ट्रीट पर किस दिन होगी लिस्टिंग

भारतीय शेयर बाजार के निवेशकों के लिए सितंबर का महीना बेहद खास होने वाला है। देश के सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) का बहुप्रतीक्षित IPO अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंचता नजर आ रहा है। करीब एक दशक से इस IPO का इंतजार किया जा रहा है। अब सूत्रों के मुताबिक, NSE का IPO 18 सितंबर को आम निवेशकों के लिए खुल सकता है और 25 सितंबर को इसकी शेयर बाजार में लिस्टिंग हो सकती है। आईपीओ कैलेंडर को लेकर एनएससी (NSE) की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन सूत्रों के हवाले से इसका संभावित शेड्यूल सामने आ चुका हैः

प्राइस बैंड का ऐलानः 15 सितंबर को आईपीओ के प्राइस बैंड की घोषणा हो सकती है।

एंकर बुकः एंकर निवेशकों के लिए यह 17 सितंबर को खुलेगा।

पब्लिक सब्स्क्रिप्शनः आम निवेशकों के लिए आईपीओ 18 सितंबर को खुलेगा और 21 व 22 सितंबर तक बोली लगाने के लिए खुला रहेगा।

लिस्टिंग डेटः 25 सितंबर को NSE के शेयर दलाल स्ट्रीट पर लिस्ट हो सकते हैं।

# 2150 रुपये सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव बढ़े- चेक करें सर्राफा बाजार की कीमतें

ग्लोबल मार्केट में कमजोरी के रुख के बीच राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। हफ्ते के दूसरे ट्रेडिंग सेशन में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 2150 रुपये गिरकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। सोने के अलावा, मंगलवार को चांदी के भाव में मामूली तेजी देखने को मिली। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2150 रुपये टूटकर 1,58,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। सोमवार को सोने का भाव गिरावट के साथ 1,60,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमतों में मामूली तेजी देखने को मिली है। मंगलवार को चांदी का भाव करीब 600 रुपये बढ़कर 2,41,100 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। इससे पहले, चांदी का भाव लगातार दो सत्रों में स्थिर रहा था। सोमवार और पिछले हफ्ते के शुक्रवार को चांदी की कीमतों में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं देखा गया था। 3 सितंबर को चांदी की कीमत 5000 रुपये की तेजी के साथ 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। जबकि, 4 और 7 सितंबर को इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ था।

# शेयर बाजार क्रैश! सेंसेक्स 555 अंक टूटा तो निफ्टी 23,650 के नीचे फिसला

भारतीय शेयर बाजार में 8 सितंबर को भारी बिकवाली का माहौल देखने को मिला। बैंकिंग, आईटी और ऑटो सेक्टर्स में आए तगड़े दबाव के कारण दोनों मुख्य सूचकांक बड़े नुकसान के साथ बंद हुए। दिन भर चले उतार-चढ़ाव के बाद सेंसेक्स 550 से ज्यादा अंक टूट गया, जबकि निफ्टी 50 भी 23,650 के महत्वपूर्ण सपोर्ट लेवल के नीचे फिसलकर बंद हुआ। कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) का सेंसेक्स 555.23 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 75,577.58 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) का निफ्टी 144.05 अंक टूटकर 23,635.10 के लेवल पर आ गया। बाजार की चौतरफा बिकवाली के बीच लगभग 2025 शेयरों में तेजी रही, 2174 शेयर लाल निशान में बंद हुए और 178 शेयरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। BSE हीटमैप और बाजार के आंकड़ों के अनुसार, आज सबसे बड़ा झटका प्राइवेट बैंकिंग और हैवीवेट शेयरों से लगा। SBI लाइफ इंश्योरेंस (-2.04%) और ICICI बैंक (-1.97%) निफ्टी के सबसे बड़े लूजर्स में शामिल रहे। टॉप गेनर्स स्टॉक्सः मंदी के इस दौर में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (BEL) का शेयर +1.62% की बढ़त के साथ 410.55 पर बंद होकर टॉप गेनर बना। इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर (+1.02%), आइशर मोटर्स (+0.98%), ONGC (+0.98%), अडानी पोर्ट्स (+0.93%) और अपोलो हॉस्पिटल्स (+0.88%) में अच्छी लिवाली देखने को मिली। टॉप लूजर्स स्टॉक्सः एक्सिस बैंक (-1.67%), अल्ट्राटेक सीमेंट (-1.49%), लार्सन एंड टुब्रो (L&T -1.32%), रिलायंस इंडस्ट्रीज (-1.11%), HDFC बैंक (-1.06%), मारुति सुजुकी (-0.93%) और टाटा स्टील (-0.79%) के शेयरों में बिकवाली का भारी दबाव रहा। सेक्टर के हिसाब से देखें तो आज सबसे ज्यादा नुकसान निफ्टी प्राइवेट बैंक इंडेक्स (-1%) और निफ्टी ऑयल एंड गैस (-0.67%) को हुआ। इसके अलावा निफ्टी बैंक 0.5% और आईटी इंडेक्स 0.37% टूटकर बंद हुए। हालांकि, डिफेंसिव सेक्टर्स ने बाजार को पूरी तरह गिरने से बचा लिया। मीडिया इंडेक्स में +1.3%, फार्मा इंडेक्स में +0.7% और FMCG इंडेक्स में +0.35% की मजबूती दर्ज की गई। वहीं, ब्रॉडर मार्केट में निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स हल्की बढ़त के साथ हरे निशान में बंद होने में कामयाब रहे। विशेषज्ञों के अनुसार, निफ्टी का 23,650 के स्तर के नीचे बंद होना तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



# "आज यहां एक और हैट्रिक लगी है", मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में PM मोदी ने और क्या कहा



प्रधानमंत्री मोदी ने मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट के 7वें एडिशन का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (GFF) 2026 में एग्ज़िबिटर्स से बातचीत की और कहा, "फिनटेक की इस ऊर्जा के बीच, इन दिनों मुंबई की सांस्कृतिक ऊर्जा भी अपने चरम पर है। कुछ ही दिनों में महाराष्ट्र और पूरे देश में गणेशोत्सव शुरू होने वाला है। यहां हर शुभ काम से पहले भगवान गणेश को याद किया जाता है। मैं गणपति बप्पा को नमन करता हूं और ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 के लिए आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (GFF) 2026 में एग्ज़िबिटर्स से बातचीत की और कहा, "मैं ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में देश-विदेश से आए सभी मेहमानों और डेलीगेट्स को बधाई देता हूं। मुझे खुशी है कि आज यहां एक और हैट्रिक लगी है। एक हैट्रिक 2024 में तीसरी बार सरकार बनने के साथ लगी थी। और यह हैट्रिक आप सभी के बीच आने से जुड़ी है। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में यह मेरा लगातार तीसरा साल है। यह हैट्रिक दिखाती है कि 'विकसित भारत' के लिए आप कितने महत्वपूर्ण हैं और आपका काम कितना अहम है। हर बार जब मैं यहां आता हूं, तो पहले से ज़्यादा युवा लोगों को देखता हूं। मुझे पहले से ज़्यादा ऊर्जा महसूस होती है। मैं संभावनाओं का दायरा बढ़ता हुआ देखता हूं।"

# दिल्ली के पूर्व मुख्य सचिव राकेश मेहता ने नोएडा के फ्लैट में की आत्महत्या, फंदे से लटका मिला शव

नोएडा। दिल्ली के पूर्व मुख्य सचिव और 1975 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राकेश मेहता ने नोएडा के अपने फ्लैट में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनकी उम्र 75 साल थी। उनका शव रविवार, 6 सितंबर को नोएडा के सेक्टर-82 स्थित केंद्रीय विहार-2 सोसाइटी में उनके फ्लैट से बरामद हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही थाना फेस-2 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक, डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि राकेश मेहता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। फॉरेंसिक और फील्ड यूनिट की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। बताया जा रहा है कि पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें मानसिक तनाव और बीमारियों का जिक्र होने की बात सामने आई है। हालांकि, पुलिस मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के पीछे की परिस्थितियों को लेकर सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया। इसके बाद सोमवार को दिल्ली के लोधी श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। राकेश मेहता वर्ष 2007 से 2010 तक दिल्ली के मुख्य सचिव रहे थे। वर्ष 2010 में दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान प्रशासनिक स्तर पर उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के इस कदम से प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में शोक की लहर है। राकेश मेहता की मौत की खबर सुनकर दिल्ली के पूर्व मंत्री अरविंदर सिंह लवली काफी दुखी थे। उन्होंने बताया कि राकेश मेहता हमेशा नई पॉलिसी और आइडिया लागू करने के लिए तैयार रहते थे। लवली के मुताबिक, प्राइवेटाइजेशन के समय वह दिल्ली सरकार में पावर सेक्रेटरी थे और उस समय दिल्ली की सड़कों से ब्लूलाइन बसों को हटाने और लो-फ्लोर बसें चलाने की योजना बनाने में भी उनकी अहम भूमिका थी। वहीं, दिल्ली के पूर्व चीफ सेक्रेटरी रमेश नेगी ने बताया कि राकेश मेहता ने कई अहम प्रशासनिक सुधार किए। रमेश नेगी के अनुसार, राकेश मेहता प्रशासनिक मामलों में नई सोच और सुधारों को लागू करने के लिए जाने जाते थे।

उनके कार्यकाल के दौरान लिए गए कई फैसलों का उद्देश्य दिल्ली की प्रशासनिक व्यवस्था और सार्वजनिक सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाना था।

उनके निधन को प्रशासनिक क्षेत्र के लिए एक बड़ी क्षति माना जा रहा है। राकेश मेहता के लंबे प्रशासनिक अनुभव के कारण उन्होंने दिल्ली के अलावा केंद्र और अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में भी काम किया। राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान उनकी भूमिका के चलते आयोजन से जुड़े प्रशासनिक और समन्वय संबंधी कार्यों में भी उनका योगदान रहा।

# 'भारत सिर्फ AI का बाजार नहीं, अग्रणी निर्माता बने', शिकागो में आयोजित IIT-BHU ग्लोबल एलुमनी मीट में बोले मनोज सिन्हा

नई दिल्ली। काशी के IIT-BHU की प्रतिभा ने अमेरिका के शिकागो में अपनी वैश्विक ताकत का प्रदर्शन किया। IIT-BHU के ग्लोबल एलुमनी मीट में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में कारोबार, टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रिसर्च और इनोवेशन के क्षेत्र में पहचान बना चुके पूर्व छात्र एक मंच पर जुटे। इस कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और IIT-BHU के पूर्व छात्र मनोज सिन्हा भी खास तौर पर मौजूद रहे। इस आयोजन में चर्चा का केंद्र भविष्य की तकनीक और खास तौर पर AI रहा। कार्यक्रम में AI, मशीन लर्निंग, डिजिटल रिसर्च, स्टार्टअप और तेजी से बदलती टेक्नोलॉजी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। IIT-BHU के 1979 बैच के सिविल इंजीनियरिंग के छात्र रहे मनोज सिन्हा आज जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वहीं इसी संस्थान से निकले कई पूर्व छात्र अमेरिका और दुनिया के दूसरे हिस्सों में टेक्नोलॉजी, उद्योग, शिक्षा और रिसर्च के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। Jay Chaudhry, Ujj Nath, Pradeep Chintagunta और Murli Thirumale जैसे नाम भी IIT-BHU के वैश्विक नेटवर्क का हिस्सा रहे हैं। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि टेक्नोलॉजी एक पूरक है, एक मानक भी है लेकिन इसकी परीक्षा इस बात से होती है कि क्या वह किसी किसान का जीवन बेहतर बना सकती है या नहीं? किसी छात्र की सहायता कर सकता है या नहीं, छोटे उद्यम को आगे बढ़ाने में मदद कर सकता है या नहीं, किसी छोटे परिवार को सशक्त बना सकता है या नहीं, सार्वजनिक सेवा तक आम आदमी की पहुंच को सुलभ बना सकता है या नहीं? मनोज सिन्हा ने कहा कि IIT-BHU के अनेक पूर्व छात्र दुनिया भर के उद्योगों, इंडस्ट्री, लेबोरेट्री, सार्वजनिक संस्थाओं में काम कर रहे हैं और तकनीकी परिवर्तनों का नेतृत्व कर रहे हैं, वो सब इस सभागार में हैं और जो नहीं है उन तक भी सूचना पहुंचेगी।



मनोज सिन्हा ने कहा कि सफलता हम लोगों के लिए गर्व का विषय है। लेकिन IIT-BHU या किसी भी संस्थान की डिग्री केवल इस बात की मान्यता नहीं है कि हमने क्या सीखा है, ये इस बात की आजीवन जिम्मेदारी है कि हम अपने ज्ञान से क्या निर्मित करने वाले हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सिर्फ तकनीक को अपनाकर दुनिया को प्रभावित नहीं किया है, बल्कि एक देश के रूप में हम नए मानक स्थापित कर रहे हैं, रास्ता दिखा रहे हैं और अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। एक राष्ट्र के तौर पर हमारी मान्यता है कि ज्ञान का इस्तेमाल समाज के कल्याण के लिए होना चाहिए। भारत को दुनिया के अन्य देशों में विकसित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उत्पादों का सिर्फ एक बड़ा बाजार बनकर नहीं रहना चाहिए। भारत को दुनिया के लिए विश्वसनीय, किफायती और समावेशी एआई समाधानों का अग्रणी निर्माता और विकासकर्ता बनना होगा। मनोज सिन्हा की मौजूदगी इस आयोजन को एक और आयाम देती है। क्योंकि IIT-BHU से निकली प्रतिभा सिर्फ Silicon Valley या शिकागो की कंपनियों तक सीमित नहीं है। और AI के इस दौर में... शायद यही IIT-BHU के ग्लोबल एलुमनी नेटवर्क की सबसे बड़ी ताकत है।

# फिर बदलनेवाला है मौसम! पूर्वी भारत में आंधी-तूफान के साथ बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली। एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग (IMD) ने देश के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वी भारत में अगले तीन से चार दिनों के दौरान कई जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक 8 से 10 सितंबर तक गंगा के मैदानी इलाकों पश्चिम बंगालस 8 से 11 सितंबर के दौरान झारखंड में, 9 से 14 को बिहार मं और 10 से 12 सितंबर के दौरान ओडिशा में बारिश के साथ आंधी-तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। 10 सितंबर को ओडिशा में कहीं-कहीं भारी बारिश का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी के पश्चिम-मध्य और उत्तर-पश्चिमी हिस्से तथा उससे सटे उत्तर आंध्र प्रदेश-दक्षिण ओडिशा तट के पास 11 सितंबर के आसपास कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसका असर पूर्वी और मध्य भारत के कई राज्यों में देखने को मिल सकता है। ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार में भी आने वाले दिनों में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

# BRICS समिट में शामिल होने के लिए भारत आएंगे पुतिन, PM मोदी के साथ करेंगे द्विपक्षीय वार्ता



नई दिल्ली। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को भारतीय पत्रकारों के साथ वर्चुअल बातचीत में कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यह सम्मेलन 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाला है। प्रवक्ता ने कहा कि यह दौरा दोनों देशों के लिए द्विपक्षीय संबंधों के मुद्दों पर चर्चा करने का एक मौका है। उन्होंने शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए भारत को सफलता की शुभकामनाएं भी दीं। इससे पहले 31 अगस्त को भी पीएम मोदी और पुतिन ने किर्गिस्तान के बिश्केक में SCO समिट के दौरान बातचीत की थी। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने आगे कहा कि पुतिन शुक्रवार (11 सितंबर) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। मॉस्को से वर्चुअल ब्रीफिंग के जरिए पत्रकारों से बात करते हुए पेस्कोव ने कहा, "कुछ ही दिनों में राष्ट्रपति पुतिन अपनी भारत यात्रा शुरू करेंगे। आप जानते हैं कि हमारे दोनों नेता भारतीय और रूसी नेता बहुत करीबी व्यक्तिगत संपर्क में हैं। उनके रिश्ते बहुत व्यावहारिक हैं, और वे इतने ईमानदार हैं कि हमारे एजेंडे और द्विपक्षीय संबंधों के सबसे संवेदनशील मुद्दों पर बहुत खुले और रचनात्मक तरीके से चर्चा कर सकते हैं। ज़ाहिर है, इससे हमारे सहयोग के लिए नए रास्ते खुलते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "हमें कोई संदेह नहीं है कि शिखर सम्मेलन सफल होगा। रूस के तौर पर, हम अपने आपसी सहयोग के तीन मुख्य स्तंभों - नीति और सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और वित्त, तथा सांस्कृतिक और मानवीय संदर्भ में ब्रिक्स सहयोग को और विकसित करने में योगदान देने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। इसलिए, हम ब्रिक्स के विभिन्न स्वरूपों में शामिल होने के लिए नए देशों को आमंत्रित करने के विचार का समर्थन कर रहे हैं।" पेस्कोव ने कहा कि बैठक में भारत को रूस के Su-57 फाइटर जेट बेचने की संभावना पर भी चर्चा हो सकती है। एजेंडा में व्यापार और आर्थिक सहयोग भी शामिल होने की उम्मीद है। भारत सरकार ने अभी तक पेस्कोव की बातों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। शुरुआत में यह ब्राजील, रूस, भारत और चीन का 'ब्रिक' (BRIC) गठबंधन था।

# मुंबई में PM मोदी के कार्यक्रम से पहले पकड़े गए दो संदिग्ध, बंदूक और फर्जी पहचान पत्र बरामद

**जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी के कार्यक्रम से पहले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।**



मुंबई। इस वक्त की बड़ी खबर मुंबई से सामने आ रही है। यहां BKC स्थित नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर (NMACC) से दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, एक संदिग्ध व्यक्ति ने खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) का अधिकारी बताया था। जांच के दौरान उसके पास PMO कार्यालय का फर्जी पहचान पत्र मिलने की जानकारी सामने आई है। सुरक्षा जांच में पहचान पत्र फर्जी पाए जाने के बाद मुंबई पुलिस ने कार्रवाई की। वहीं, उसके साथ मौजूद बॉडीगार्ड के पास बंदूक मिलने की भी जानकारी है। फिलहाल दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं घटना के बाद मामले की आगे की जांच मुंबई क्राइम ब्रांच कर रही है। फर्जी पहचान पत्र और हथियार के साथ कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करने के पीछे क्या मकसद था, इसकी जांच की जा रही है। बता दें कि आज (मंगलवार) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी BKC के जियो वर्ल्ड सेंटर में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 का उद्घाटन करेंगे और सभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले ही आरोपियों को पकड़ लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम रोहन पारेख बताया जा रहा है। मुंबई पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार शख्स कल (7 सितम्बर) फर्जी पहचान पत्र लेकर वेन्यू के अंदर जाने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान मुंबई पुलिस की नजर उस पर पड़ी। जब उसकी चेकिंग की गई तो उसके पास से जो पहचान पत्र मिले वह फर्जी थे। जिसके बाद बीकेसी पुलिस थाने में उसके और उसके बॉडीगार्ड के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। आगे की जांच क्राइम ब्रांच कर रही है। मुंबई पुलिस का कहना है, "मुंबई में उस जगह से दो लोगों को हिरासत में लिया गया है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक कार्यक्रम में शामिल होना था। उनमें से एक व्यक्ति के पास से बंदूक बरामद हुई। मुंबई पुलिस ने BKC स्थित नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर (NMACC) से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया, जो खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय का अधिकारी बता रहा था।

हिरासत में लिए गए व्यक्ति की उम्र 24 साल बताई जा रही है। उसके साथ एक बॉडीगार्ड भी था, जिसके पास बंदूक थी। मुंबई क्राइम ब्रांच अब इस मामले की आगे जांच कर रही है।" फिलहाल आरोपी को CIU यूनिट कोर्ट लेकर पहुंच गई है। आरोपी मुंबई के खार का रहने वाला है। उसके पिता का नाम प्रेमल पारिख बताया जा रहा है। आरोपी का पूरा परिवार कोर्ट में आ गया है। पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला कि आरोपी कल रात ही वेन्यू में पहुंच गया था। बॉडीगार्ड का नाम दिलीप कुंदे उम्र करीब 45 साल है। CIU यूनिट को अभी भी समझ नहीं आया कि आरोपी ने पीएमओ का फर्जी ID कार्ड बनाया क्यों था। आरोपी के पिता का बड़ा बिजनेस है। आरोपी के वकील, सीनियर एडवोकेट सतीश मानेशिंदे ने कहा कि लगाए गए आरोप एक संवेदनशील मामले से जुड़े हैं, इसलिए अपनी तरफ से पूरी जांच-पड़ताल और पुष्टि करने के बाद हम इस पर एक बयान जारी करेंगे। आरोपी के वकील का कहना है कि रोहन पारेख को पीएमओ के एडिशनल सेक्रेटरी से एक मेल प्राप्त हुआ था।

# PM मोदी के खिलाफ टिप्पणी के मामले में राहुल गांधी को झटका



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को मंगलवार को बॉम्बे हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया है। सामने आई जानकारी न्यायमूर्ति एनआर बोरकर ने राहुल गांधी द्वारा दायर उस याचिका पर मंगलवार को आदेश पारित किया, जिसमें समन जारी करने वाले आदेश को रद्द करने की मांग की गई थी। बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में टिप्पणियों को लेकर दायर मानहानि याचिका को चुनौती देने वाली विपक्ष के नेता (LOP) राहुल गांधी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। हालांकि, अदालत ने राहुल गांधी को मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष उपस्थित होने से छह सप्ताह की राहत प्रदान की, जिससे राहुल गांधी को इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का समय मिल सके। जानकारी के अनुसार, मानहानि का ये मामला भाजपा नेता महेश श्रीश्रीमल द्वारा गिरगांव मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष दायर किया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप था कि सितंबर 2018 में गांधी ने राजस्थान में एक रैली आयोजित की थी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ मानहानिकारक बयान दिए थे।

# राजस्थान निकाय चुनाव से पहले BJP का बड़ा एक्शन, 41 बागी नेताओं-कार्यकर्ताओं को किया निष्कासित




राजस्थान में नगर निकाय चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने पार्टी के खिलाफ बगावत करने वाले 41 नेताओं और कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की है। पार्टी ने इन सभी को 6 साल के लिए प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। बीजेपी के अनुसार, जिन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की गई है, वे नगर निकाय चुनाव 2026 में बीजेपी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं या निर्दलीय उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। पार्टी ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए ऐसे कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित किया है। पार्टी ने अपने बयान में कहा, "कार्रवाई की जद में आए अधिकांश कार्यकर्ता बागी तेवर दिखाते हुए निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। कुछ कार्यकर्ता और पदाधिकारी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में उतरी अपनी पत्नी के समर्थन में काम करते पाए गए हैं।" राजस्थान में नगर निकाय चुनाव के पहले चरण का मतदान बुधवार यानी 9 सितंबर को होगा। इसके लिए चुनाव आयोग और प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पहले चरण में 162 नगर निकायों में मतदान होगा। इनमें 4 नगर निगम, 27 नगर परिषद और 131 नगरपालिकाएं शामिल हैं। इस चरण में पार्षद के 5,393 पदों के लिए 20,623 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 ( राजस्थान) से मुद्रित व 1053, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली, राजस्थान - 306401 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJMUL/26/A4290 प्रबंध सम्पादक - प्रदीप सिंह, मो . 9983831415